राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 228
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 13 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 लोट्स 300 एओए ने नोएडा प्राधिकरण को भेजा लीगल नोटिस
पेज 4 कानपुर में रेलवे ट्रैक धंसा, चित्रकूट में सड़क पर नाव
पेज 6 'पिछले इंग्लैंड दौरे पर मिली सीख से लिया सबक', बुमराह ने

## संक्षिप्त खबरें

### केरल में कार विस्फोट, दो बच्चों की जलने से मौत

**पलक्कड़।** केरल के उत्तरी पलक्कड़ जिले में घर के आंगन में खड़ी कार में विस्फोट हो गया। घटना में दो बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतकों में अल्फ्रेड (6) और एमिलिना (4) शामिल हैं। घटना पोलपुली इलाके की है। बच्चों की मां एल्सी (39) भी झुलसी है, जिसकी हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक, घटना 11 जुलाई की शाम की है। महिला और बच्चे कार में बैठे थे। महिला ने जैसे ही कार स्टार्ट की, उसमें ब्लास्ट हो गया। कार पेट्रोल वर्जन वाली थी, ब्लास्ट किस वजह से हुआ है इसका पता लगाया जा रहा है।

### आतंकी पन्नू की कपिल शर्मा को धमकी

**अमृतसर।** खालिस्तान आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कॉमेडियन कपिल शर्मा को कनाडा में कैफे खोलने पर धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो जारी करके कहा कि कपिल खुद को हिंदूवादी बताता है। उसके कैफे पर फिर गोलियां चलाई जा सकती हैं और खालिस्तानी समर्थकों पर आरोप लगाए जा सकते हैं। पन्नू ने कहा- भारत के लोग कनाडा के सर्रे शहर में निवेश कर रहे हैं। क्या कपिल का कैफे सिर्फ एक कॉमेडी कैफे है या हिंदुत्व का वैश्विक विस्तार करने की एक रणनीति का हिस्सा है? ये लोग कनाडा में बिजनेस कर रहे हैं, भारत में क्यों नहीं?



## हैप्पी मॉर्निंग

पलटू- अंकल, मुझे पीएचडी की डिग्री मिल गई है, अब आप मेरा उधारी वाला खाता निकालो। दुकानदार- अरे बहुत अच्छा, आज सारा हिसाब चुकता करोगे क्या? पलटू- नहीं अंकल, बस खाते में मेरे नाम के आगे डॉक्टर लगा दो। पलटू- की बात सुनकर दुकानदार ने लट्ठ उठाकर उसको जमकर कूटा।



## शायरी

मत मारो गोलियों से मुझे मैं पहले से एक दुखी इंसान हूँ, मेरी मौत कि वजह यही हैं कि मैं पेशे से एक किसान हूँ

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,500.47
-689.81 (0.83%)
निफ्टी:
25,149.85
-205.40

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 28 डिग्री से0 |
| सूर्योदय सोमवार | : | 5 : 34 |
| सूर्यास्त रविवार | : | 7 : 25 |

# यूपी के चित्रकूट में बाढ़, सड़कों पर 3-5 फीट पानी

## छत्तीसगढ़ में नदी से युवक का रेस्क्यू; मंडी में लैंडस्लाइड, 250 सड़कें बंद

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में तेज बारिश जारी है। यहां मंदाकनी नदी उफान पर है। तेज बारिश के कारण सड़कों पर 3 से 5 फीट तक पानी भर गया है। ड्रोन फुटेज में शहर के मुख्य इलाकों में केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है।

यहां रामघाट पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। 30 फीट ऊंचा फुट ओवर ब्रिज डूब चुका है। घर, स्कूल, मंदिर, होटल, घाट, दुकानें, पुल सब पानी में डूबे हुए हैं। कानपुर में तेज बारिश से रेलवे ट्रैस धंस गया।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर लैंडस्लाइड हुआ। चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे दोनों ओर से बंद हो गया। यहां सैकड़ों वाहन फंसे हैं। कई किलोमीटर लंबा जाम है। राज्यभर में 250 सड़कें बंद हैं।

राजस्थान में शुक्रवार को बीकानेर, झुंझुनूं सहित 13 जिलों में 4 इंच तक बरसात हुई। धौलपुर में पार्वती नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। श्रीमाधोपुर में दुकानों में पानी घुस गया। फलोदी में शहर के बीच पानी नदी की तरह बहने लगा।

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में बाकी नदी में युवक बह गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से उसका रेस्क्यू किया। राज्य में 1 जून से अब तक 362.1 द्वद्व एवरेज बारिश हुई है। आज रायपुर, बलौदा-बाजार, जांजगीर-चांपा, बलरामपुर, कोरिया सहित 13 जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट है।



### हिमाचल : मंडी में कैंची मोड़ पर लैंडस्लाइड



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में शनिवार दोपहर पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर लैंडस्लाइड हुआ। इसके कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पूरी तरह से बंद हो गया है। पहाड़ से गिरे मलबे-पत्थरों को हटाया जा रहा है। मंडी एसपी साक्षी वर्मा ने बताया- मलबा हटाने का काम जारी है। सड़क साफ करने में थोड़ा वक्त लगेगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने कटौला-कमांद होते हुए वैकल्पिक मार्ग का सुझाव दिया है।

### आज 19 राज्यों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने आज यूपी, छत्तीसगढ़, गुजरात समेत देश के 19 राज्यों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में बारिश को कोई भी अलर्ट नहीं है।

# दिल्ली में चार मंजिला इमारत ढही, 6 लाशें मिलीं

## मरने वालों का आंकड़ा 6 हुआ, साल भर के बच्चे समेत 8 जख्मी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे के बाद शनिवार शाम तक मलबे से 4 और लाशें मिली हैं। इसके बाद मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 6 हो गया है। वहीं एक साल के बच्चे समेत आठ लोग घायल हो गए। बिल्डिंग में 10 लोगों का एक परिवार रहता था।

इमारत के सामने वाले घर में रहने वाले अनीस अहमद अंसारी ने बताया कि जैसे ही इमारत गिरी, उसका मलबा हमारे घर पर आ गिरा। इस वजह से मैं भी घायल हो गया।



एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 7 बजे सीलमपुर में ईदगाह रोड के पास जनता कॉलोनी की गली नंबर 5 में इमारत गिरने की सूचना मिली थी।

### स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया

जब बिल्डिंग गिरी उस समय स्थानीय लोग सुबह की सैर पर निकले थे। इन्हीं लोगों ने सबसे पहले बचाव कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुँचने से पहले ही मलबे में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश शुरू कर दी गई। बाद में फायर ब्रिगेड की मदद से तीन लोगों को निकाला गया।

नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के एडिशनल डीसीपी संदीप लांबा ने बताया कि बचाव कार्य जारी है। पुलिस, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस और स्थानीय लोग मौके पर काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान में बहुत मदद की है।

# वन नेशन वन इलेक्शन- अगली मीटिंग 30 जुलाई को संभव

### पूर्व मंत्री बोले- संविधान में नहीं, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में बदलाव काफी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सीनियर एडवोकेट ईएमएस नचियप्पन ने वन नेशन वन इलेक्शन पर संसदीय समिति को बताया है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन की जरूत नहीं है। बल्कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में बदलाव कानूनी रूप से इसके लिए काफी हो सकते हैं। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस के पूर्व सांसद नचियप्पन जेपीसी के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने यह कहा कि सरकार को मौजूदा कार्यकाल में ही इस प्रस्ताव को लागू करने पर विचार करना चाहिए क्योंकि इसकी अधिसूचना अगली लोकसभा के लिए छोड़ना कानूनी रूप से संदिग्ध होगा।

कांग्रेस के पूर्व सांसद ने भाजपा के पी.पी. चौधरी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति के सामने एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव करने वाले संविधान संशोधन विधेयक के कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाए। बैठक के बाद चौधरी ने कहा कि जेपीसी की अगली बैठक 30 जुलाई को होने की संभावना है।

# अरुणाचल में रेप-छेड़छाड़ के आरोपी को भीड़ ने मार डाला

### थाने से बाहर लाकर मर्डर, इलाके में कर्फ्यू; लड़कियों के पेट दर्द की शिकायत से खुलासा

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश की लोअर दिबांग घाटी में 11 जुलाई को असम के युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद रोइंग कस्बे में कर्फ्यू लगाया गया है। युवक पर हॉस्टल में रह रहीं नाबालिग लड़कियों के रेप और यौन शोषण का आरोप था। पीड़ित परिवारों की शिकायत पर युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया था। जब बात इलाके में फैली तो सैकड़ों लोगों की भीड़ थाने गई। युवक को बाहर घसीटकर लाई और पुलिसकर्मियों के सामने ही पीटा।

पुलिस गंभीर घायल आरोपी रियाज उल कुरीम को अस्पताल लेकर पहुंची। वहां दोबारा उसे पीटा गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। कुरीम बोंगाईगांव का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि आरोपी छात्रावास के पास एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करता था।

आरोप है कि उसने छात्रावास में नाबालिग लड़कियों के साथ गलत काम किया। लड़कियों की तबीयत बिगड़ने पर मामले का खुलासा हुआ। 6-9 साल की 8 लड़कियों का मेडिकल कराया गया है।

# आईआईएम कलकत्ता में रेप, आरोपी गिरफ्तार

## काउंसलिंग सेशन के बहाने बॉयज हॉस्टल बुलाया, नशीला ड्रिंक पिलाकर रेप किया

**कोलकाता।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कलकत्ता में शनिवार को एक स्टूडेंट से बलात्कार का मामला सामने आया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर दोनों की जान-पहचान हुई थी। स्टूडेंट किसी निजी मामले में सलाह के लिए आरोपी से मिलने द्बह्वरूआई थी। इसके बाद उसे बॉयज हॉस्टल ले जाया गया, जहां उससे रेप हुआ।

घटना बिजनेस स्कूल के बॉयज हॉस्टल में शुक्रवार को हुई थी। आरोपी स्टूडेंट को शुक्रवार रात हिरासत में ले लिया गया था, आज गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित ने एफआईआर में बताया है कि उसे काउंसलिंग सेशन के लिए हॉस्टल बुलाया गया। वहां उसने एक ड्रिंक पी, जिससे वह बेहोश हो गई। होश में आने पर पता चला कि उसके साथ बलात्कार हुआ है।



### 25 जून को लॉ स्टूडेंट से गैंगरेप हुआ था

साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा यहीं का पूर्व छात्र है। बाकी दो मौजूदा स्टूडेंट्स हैं। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात के बाद मुख्य आरोपी और उसके साथियों ने कॉलेज के गार्ड रूम में घंटों तक शराब पी। सिक्योरिटी गार्ड पिनाकी बनर्जी को धमकाया कि इस घटना के बारे में किसी को कुछ न बताए। इसके बाद एक ढाबे पर खाना खाने गए। फिर अपने-अपने घर लौट गए।

पुलिस के अनुसार, घटना के अगले दिन 26 जून को मनोजीत मिश्रा को जब हालात की गंभीरता का एहसास हुआ तो उसने देशप्रिय पार्क इलाके में रहने वाले एक प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क किया।

### प्रेमी जोड़े को बैल बनाकर हल चलवाया

**ओडिशा-रायगढ़ा।** ओडिशा में रायगड़ा जिले के कंजामयोजी गांव में प्रेमी जोड़े के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। लड़का और लड़की के गले पर बैलों की तरह हल बांधा गया और खेत जुतवाया गया। ग्रामीणों ने उन्हें कोड़े मारे और गांव से भगा दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि युवक और युवती एक ही गोत्र के हैं। दोनों के बीच प्रेम की बात सामने आने पर आदिवासी समाज नाराज हो गया क्योंकि एक ही गोत्र के युवक-युवती को भाई-बहन माना जाता है। इसी कारण ऐसे विवाह और प्रेम संबंधों पर रोक है। इस घटना के पहले ग्रामीणों ने देवी की पूजा की, फिर दोनों के गले में हल की रस्सी बांधी और खेत जुतवाया। जैसे ही दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी समाज के लोगों को लगी, तो कंजामयोजी के ग्रामीण बिफर गए।

### ओडिशा के कॉलेज में छात्रा ने आग लगाई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालेश्वर में बीएड सेकेंड ईयर की छात्रा ने खुद पर केरोसीन डालकर कॉलेज कैंपस में आग लगा ली। घटना शनिवार दोपहर करीब 1 बजे हुई। छात्रा को बचाने के दौरान एक छात्र भी झुलसा है। छात्र और छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा की हालत नाजुक है। पूरी घटना फकीर मोहन कॉलेज कैंपस में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई है। बीएड डिपार्टमेंट के एचओडी समीर कुमार साहू पर पीड़ित छात्रा समेत दूसरी छात्राओं के मानसिक और शारीरिक शोषण के आरोप हैं। कॉलेज प्रशासन से साहू की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई एक्शन नहीं लेने पर छात्रा ने खुद को आग लगा ली। दरअसल, फकीर मोहन कॉलेज में बीएड सेकेंड ईयर की कुछ छात्राओं ने इंटीग्रेटेड बीएड डिपार्टमेंट के एचओडी समीर कुमार साहू के खिलाफ प्रिंसिपल से शिकायत की थी।

# जस्टिस वर्मा को हटाने की तैयारी शुरू

## लोकसभा में प्रस्ताव आएगा, सांसदों के साइन कराए जा रहे; 21 जुलाई से शुरू होगा मानसून सत्र

▶ संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा।



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं।

इससे संकेत मिल रहा है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा।

### स्टोर रूम पर जज के परिवार का ही कंट्रोल था

कैश केस की जांच कर रहे सुप्रीम कोर्ट के पैनल की रिपोर्ट 19 जून को सामने आई थी। 64 पेज की रिपोर्ट में कहा गया कि जस्टिस यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए पैनल इस बात पर सहमत है कि सीजेआई के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।

जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे।

जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है।

**अहमदाबाद प्लेन हादसा**

## दोनों इंजन बंद हुए; एक पायलट ने दूसरे से पूछा- तुमने फ्यूल बंद किया, जवाब- नहीं

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 15 पेज की रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने 12 जुलाई को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था। टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए।

इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक्सपर्ट के हवाले से कहा है कि रिपोर्ट में शामिल सभी प्वाइंट्स प्लेन में टेक्निकल गड़बड़ी न होने और पायलट से चूक की ओर इशारा कर रहे हैं।



12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

### पायलट कोशिश के बाद क्रैश से नहीं बचा पाए

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाले विमान में दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच बंद थे, जिसके बाद पायलटों ने इसे चालू किया और दोनों इंजन को दोबारा शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन विमान बहुत कम ऊंचाई पर था, इसलिए इंजनों को दोबारा ताकत पाने का समय नहीं मिल सका और विमान क्रैश हो गया। हालांकि ये सामने नहीं आया है कि फ्यूल स्विच बंद कैसे हुए थे।

15 पन्नों की रिपोर्ट के मुताबिक, टेकऑफ से लेकर हादसे तक की पूरी उड़ान करीब 30 सेकेंड ही चली।

इस समय तक रिपोर्ट में Boeing 787-8 विमान और GE GEnx-1बी इंजन को लेकर किसी ऑपरेटर के लिए कोई चेतावनी या कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गई है। साथ ही रिपोर्ट में मौसम, बर्ड-हिट और सबोटाज जैसे किसी भी कारण का जिक्र नहीं है।

# अमरनाथ यात्रा : 10 वें दिन 19,020 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए

## अब तक 1.82 लाख श्रद्धालु आ चुके; 38 दिन तक चलेगी यात्रा

एजेंसी

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा के 10वें दिन 19,020 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अब तक 1.82 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। यह 9 अगस्त तक चलेगी।

यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348 , शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री, सोमवार को 23,857 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। अब तक चार लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 581 अलग-अलग सुरक्षा कंपनियों का चाक-चौबंद बंदोबस्त किया गया है। इसमें सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईबीटीपी और सीआईएसएफ समेत सुरक्षा बलों के जवान तैनात किए गए हैं।

बालटाल से लेकर गुफा तक के मार्ग पर हर दो किलोमीटर पर मेडिकल कैंप लगाए हैं।

बीच में कई जगहों पर गोदाम भी चालू कर दिए गए हैं। इस साल गुफा की ओर जाने वाले रास्ते पर चार स्टैंड बनाए गए हैं, जबकि पैदल, घोड़े पर और पालकी में जाने वाले श्रद्धालुओं के रास्ते भी अलग-अलग बनाए गए हैं।

# संपादकीय

## भारत क्यों पिछड़ रहा है?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत, एक प्राचीन सभ्यता और विविध संस्कृतियों का देश, आज भी कई क्षेत्रों में प्रगति की राह पर अग्रसर है। लेकिन, कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में यह अन्य विकसित और विकासशील देशों से पीछे रह जाता है। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक और तकनीकी क्षेत्रों में भारत के पिछड़ने के कई कारण हैं, जिन्हें समझना और समाधान ढूंढना आवश्यक है।

### आर्थिक असमानता और गरीबी

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी समस्या है। एक ओर जहां कुछ लोग अरबपति बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लाखों लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत की एक बड़ी आबादी अभी भी न्यूनतम आय पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली और पानी की कमी के कारण आर्थिक विकास रुक जाता है। इसके अलावा, रोजगार के अवसरों की कमी और अनौपचारिक क्षेत्र में अधिकांश कार्यबल का होना भी आर्थिक प्रगति में बाधा डालता है।

### शिक्षा और कौशल विकास में कमी

शिक्षा किसी भी देश की प्रगति का आधार होती है, लेकिन भारत में शिक्षा व्यवस्था कई समस्याओं से जूझ रही है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे की कमी, शिक्षकों की अपर्याप्त संख्या और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव है। उच्च शिक्षा में भी भारत वैश्विक स्तर पर पीछे है। तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा पर पर्याप्त ध्यान न देने के कारण युवाओं में कौशल विकास की कमी है, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है।

### स्वास्थ्य सेवाओं की अपर्याप्तता

भारत में स्वास्थ्य सेवाएं भी कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों और चिकित्सा सुविधाओं की कमी, साथ ही निजी क्षेत्र में इलाज की बढ़ती लागत, आम लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंच से बाहर कर देती है। कुपोषण और संक्रामक रोगों की समस्या अभी भी बनी हुई है, जो देश की कार्यक्षमता को प्रभावित करती है।

### प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार

भारत में प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार विकास की राह में बड़े रोड़े हैं। नीतियों के कार्यान्वयन में देरी, नौकरशाही और भ्रष्टाचार के कारण कई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पातीं। इससे जनता का विश्वास सरकार पर कम होता है और विकास कार्य बाधित होते हैं।

### तकनीकी और नवाचार में पिछड़ापन

हालांकि भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में प्रगति की है, फिर भी समग्र नवाचार और अनुसंधान में यह कई विकसित देशों से पीछे है। अनुसंधान और विकास पर भारत का निवेश सकल घरेलू उत्पाद का केवल 0.7 प्रतिशत है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। इसके अलावा, तकनीकी शिक्षा और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने में भी और प्रयासों की आवश्यकता है।

### सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाएं

भारत में जातिगत भेदभाव, लैंगिक असमानता और सामाजिक रूढ़ियां भी प्रगति में बाधा डालती हैं। महिलाओं और वंचित वर्गों को समान अवसर प्रदान करने में अभी भी कमी है, जिससे समाज का एक बड़ा हिस्सा विकास की मुख्यधारा से बाहर रह जाता है।

### निष्कर्ष

भारत के पास अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इन समस्याओं का समाधान किए बिना प्रगति संभव नहीं है। सरकार, समाज और व्यक्तियों को मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और तकनीकी नवाचार पर ध्यान देना होगा। नीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और सामाजिक समानता को बढ़ावा देकर ही भारत विश्व में अपनी सही जगह बना सकता है।

## सेहतमंद फसल पर मुनाफे का ज़हरीला असर

डॉक्टर अक्सर मरीजों को मूंग दाल खाने की सलाह देते हैं, लेकिन अधिक मुनाफे के लोभ में अब जो मूंग बाजार में आ रही है वह सामान्य बीमार व्यक्ति को गंभीर रोग का शिकार बना सकती है। चूंकि मध्य प्रदेश में देश में मूंग की फसल का 35 प्रतिशत उत्पादन होता है। शुरुआत में राज्य सरकार ने मूंग की सरकारी खरीदी पर हिचकिचाहट दिखाई थी तो सियासत भी गर्मा गई थी।

सरकार भी अपनी जगह ठीक ही थी। यह बात तंत्र समझ गया था कि अधिक फसल और इसे जल्दी पकाने के लिए किसान जिस रसायन का इस्तेमाल कर रहे हैं, असल में वह ज़हर है। यदि मध्य प्रदेश के किसान यह अनुचित तरीका अपना रहे हैं तो देश के अन्य राज्यों में भी यही हो रहा होगा। विदित हो म.प्र. में इस वर्ष मूंग का सरकारी खरीदी मूल्य 8558 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।

यह दाम बीते चार साल में 1362 रुपये बढ़े हैं। बढ़ते दाम, तीसरी फसल की लालसा और कम रकबे में अधिक उत्पाद के चलते किसान का मूंग की तरफ आकर्षण भी बढ़ा और लालच भी।

म.प्र. के कृषि विभाग ने राज्य शासन को बताया कि किसान मूंग की फसल में खरपतवार नाशक दवा पैराक्वाट डाइक्लोराइड, जिसे स्थानीय रूप से 'सफाया' भी कहा जाता है, का बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैं। कई देशों में यह प्रतिबंधित है, लेकिन यहां किसान इसका उपयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं। किसान जानते हैं कि मूंग की फसल खेतों में एक साथ नहीं पकती। कुछ पौधे जल्दी तो कुछ देर से पकते हैं। ऐसे में मजदूरों से तुड़ाई में समय, खर्च ज्यादा लगता है।

फसल को एकसाथ सुखाने के लिए पैराक्वाट तत्काल असर करती है। इससे एक दिन में पूरी फसल सूख जाती है, फिर हार्वेस्टर से कटाई हो जाती है। यही नहीं, इसके इस्तेमाल से कच्ची मूंग के दाने भी चमकीले हरे दिखते हैं।

इस तरह इनका वजन अधिक लगता है और इससे दाम अधिक मिल जाते हैं। दरअसल किसान रबी और खरीफ की फसल के बीच तीन महीनों में मूंग की फसल तैयार करने के लिए यह ज़हरीला जतन कर रहे हैं।

भारत में कोई तीस लाख मीट्रिक टन मूंग का उत्पादन होता है और यह समूचे देश में बीमारों के लिए पथ्य भोजन मानी जाती हैं। मूंग में मौजूद स्टार्च और प्रोटीन छोटे अणुओं में टूटकर जल्दी पच जाते हैं। इसमें कम मात्रा में रेजिन होता है, जो पेट में गैस नहीं बनाता। 100 ग्राम मूंग में लगभग 105 कैलोरी और बहुत कम वसा होता है। आयुर्वेद के अनुसार मूंग दाल त्रिदोष नाशक मानी जाती है— यानी यह वात, पित्त और कफ को संतुलित करती है। बीमारियों में इसका सेवन शरीर को संतुलन में लाता है। मूंग में फ्लावोनॉयड्स, कैंपफेरॉल, विटामिन-सी और फेनोलिक यौगिक होते हैं, जो शरीर की रोग-प्रतिरोध क्षमता को मज़बूत करते हैं।

# गिरते पुल, ढहती ज़िम्मेदारियाँ : बुनियादी ढांचे की सड़न और सुधार की ज़रूरत

वडोदरा में पुल गिरना कोई अकेली घटना नहीं, बल्कि भारत के जर्जर होते बुनियादी ढांचे की डरावनी सच्चाई है। पुरानी संरचनाएं, घटिया सामग्री, भ्रष्टाचार और निरीक्षण की अनुपस्थिति — यह सब मौत को दावत दे रहा है। राजनीतिक घोषणाएं तो बहुत होती हैं, लेकिन टिकाऊ निर्माण और जवाबदेही की योजनाएँ नदारद हैं। अब वक़्त है कि सरकार केवल निर्माण नहीं, निरीक्षण और संरक्षण को भी प्राथमिकता दे। वरना पुल ही नहीं, जनता का भरोसा भी बार-बार ढहेगा। विकास सिर्फ रफ्तार नहीं, मज़बूत नींव और ज़िम्मेदारी मांगता है — जो अभी बहुत कमज़ोर है।

**डॉ सत्यवान सौरभ**



वडोदरा में 40 साल पुराने पुल का हालिया ढहना न केवल एक स्थानीय त्रासदी है, बल्कि यह पूरे भारत के बुनियादी ढांचे की बिखरती हकीकत की नुमाइश है। ऐसे हादसे अब चौंकाते नहीं, बल्कि लगातार दोहराए जाने वाले सिस्टम फेल्योर के आदतन प्रमाण बन चुके हैं। हर बार हादसे के बाद वही रटे-रटाए बयान, वही दिखावटी जांच कमेटी, और फिर वही खामोशी — जब तक अगला पुल न गिर जाए।

भारत विकास के पथ पर दौड़ रहा है, लेकिन इस दौड़ में जिन सड़कों, पुलों और इमारतों पर यह प्रगति टिकी है, वे खुद कब की चरमराने लगी हैं। सवाल यह नहीं कि वडोदरा में पुल क्यों गिरा, सवाल यह है कि देशभर में ऐसे कितने और पुल गिरने की कगार पर हैं और हमने अब तक उनसे क्या सीखा?

भारत में बीते एक दशक में सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के ढहने की घटनाओं की एक लंबी सूची है। 2016 में कोलकाता का विवेकानंद फ्लाईओवर निर्माण के दौरान ही गिर गया, जिसमें 27 लोगों की जान गई। 2018 में वाराणसी में एक पुल का हिस्सा ढहने से कई लोग मारे गए। 2022 में गुजरात के मोरबी में केबल ब्रिज गिरने से 130 से अधिक लोग मारे गए। और अब 2024 में वडोदरा में पुल गिरा। इससे पहले बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल और असम में भी पुल ढहने की घटनाएं हुई हैं।

इन हादसों का पैटर्न स्पष्ट है — पुरानी संरचना, घटिया निर्माण सामग्री, लचर निरीक्षण व्यवस्था और पूरी तरह से अनुपस्थित जवाबदेही।

भारत के अधिकांश पुल, इमारतें और सार्वजनिक संरचनाएं 30 से 60 साल पहले बनी थीं। उस समय न तो जलवायु परिवर्तन की मार इतनी तीव्र थी, न ही ट्रैफिक और जनसंख्या का भार इतना अधिक। परंतु इन्हें कभी समय रहते मरम्मत नहीं मिली। बन गया तो बन गया की मानसिकता ने इन ढांचों को धीरे-धीरे मौत के कुएं में बदल दिया।

टेंडर प्रक्रिया में सबसे कम बोली लगाने वाले ठेकेदार को ठेका देना, फिर उसी ठेकेदार का बजट काटना, सस्ती सामग्री का उपयोग करना — यह सब इतना आम हो चुका है कि हम इसे भ्रष्टाचार मानना ही भूल गए हैं। यह एक संस्थागत भ्रष्टाचार है जिसमें प्रशासन, ठेकेदार और कभी-कभी राजनेता भी शामिल होते हैं।

क्या कभी आपने किसी पुल के पास बोर्ड देखा है जिस पर लिखा हो — यह पुल अंतिम बार कब जांचा गया था? शायद ही कभी। कारण स्पष्ट है — निरीक्षण नाम की प्रक्रिया कागजों में सिमट चुकी है। टेक्नोलॉजी का युग होने के बावजूद भारत के पास कोई केंद्रीकृत पुल स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली नहीं है।

पिछले कुछ वर्षों में असामान्य बारिश, बाढ़, अत्यधिक गर्मी और भूकंप जैसी घटनाओं में तेजी आई है। लेकिन हमारे अधिकांश ढांचों का डिज़ाइन इन नई चुनौतियों को ध्यान में रखकर नहीं हुआ था। कमजोर नींव, जल निकासी की खराब व्यवस्था और भूस्खलन की अनदेखी इसका परिणाम है।

भारत में बुनियादी ढांचे को राजनीतिक स्टंट के रूप में तो खूब इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन दीर्घकालीन संरचनात्मक मजबूती की कोई गंभीर योजना शायद ही कहीं देखी जाती है। फिट फॉर फोटो परियोजनाएं बनती हैं, जो जल्दी ढह भी जाती हैं।

हर साल सरकारें इंफ्रास्ट्रक्चर पर हजारों करोड़ का बजट पास करती हैं। पुल निर्माण, सड़क विस्तार, शहरी आवास योजना जैसी परियोजनाओं में भारी निवेश होता है। लेकिन यह बजट वास्तव में कहाँ जाता है? यदि पुल गिर रहा है तो इसका मतलब है कि या तो बजट जमीनी स्तर तक पहुँचा ही नहीं, या उसका दुरुपयोग हुआ।

भारत में अब विकास की चर्चा अर्थव्यवस्था की रफ्तार से नहीं, गिरने वाले पुलों की संख्या से होनी चाहिए।

अगर हमें भारत को सुरक्षित, सतत और सशक्त बनाना है तो हमें बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी ही होगी।

बीस साल से अधिक पुराने सभी पुलों, इमारतों, फ्लाईओवर आदि का हर तीन वर्ष में एक बार स्वतंत्र संरचनात्मक परीक्षण अनिवार्य किया जाए। इसके निष्कर्ष सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध हों।

एक स्वतंत्र राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा निरीक्षण प्राधिकरण का गठन किया जाए जो केवल निरीक्षण, रेटिंग और रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार हो। इसकी रिपोर्ट सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त हो।

पुलों में कंपन, भार, तापमान आदि की निगरानी के लिए सेंसर लगाए जाएं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली किसी भी अनियमितता पर तुरंत चेतावनी दे सकती है।

अब समय है कि टेंडर प्रणाली को केवल न्यूनतम बोली पर आधारित होने से रोका जाए। गुणवत्ता, तकनीकी क्षमता और पूर्व प्रदर्शन के आधार पर निर्माण एजेंसियों का चयन होना चाहिए।

स्थानीय निकायों को छोटे ढांचों की निगरानी में भागीदार बनाया जाए। ग्रामीण और शहरी स्तर पर नागरिकों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे संभावित जोखिम की जानकारी समय रहते दे सकें।

हर संरचना को जलवायु परिवर्तन के खतरों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया जाए। भारतीय मानक ब्यूरो और सड़क विकास परिषद जैसे संस्थानों के मानकों को सख्ती से लागू किया जाए।

जहां सरकार की नीयत कमजोर होती है, वहाँ मीडिया और नागरिक समाज की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पुल गिरने के बाद कवरेज तो होता है, पर क्या हमने कभी उस निर्माण एजेंसी का नाम याद रखा? क्या किसी ठेकेदार पर आपराधिक मामला दर्ज हुआ?

आरटीआई कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों को साथ लाकर एक जन-जवाबदेही मॉडल बनाना ज़रूरी है।

तेजी से हो रहे शहरीकरण और विकास की होड़ में भारत कहीं सुरक्षा और स्थिरता को नजरअंदाज कर रहा है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है — क्या हम केवल पुल बना रहे हैं या विश्वास के पुल भी बना रहे हैं? क्योंकि जब कोई पुल गिरता है तो सिर्फ कंक्रीट नहीं टूटता, जनता का प्रशासन पर से विश्वास भी चकनाचूर हो जाता है।


भारत का भविष्य शानदार हो सकता है, लेकिन उसके लिए नींव का मजबूत होना जरूरी है। वडोदरा का पुल गिरा है, कल कहीं और गिरेगा — अगर हमने अपनी दृष्टि और नीति नहीं बदली।

हमें प्रतिक्रियात्मक शासन से आगे बढ़कर सक्रिय बुनियादी ढांचा नीति की ओर बढ़ना होगा। नहीं तो हम हर साल पुलों की कब्रगाहें बनाते रहेंगे और नागरिकों की लाशें उठाते रहेंगे।

बुनियादी ढांचे को केवल निर्माण की दृष्टि से नहीं, बल्कि मानव जीवन की सुरक्षा के आधार पर देखना होगा। केवल निर्माण नहीं, संरक्षण और सुधार की नीति ही देश को टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाएगी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3589




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3588 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बार अध्यापक जी अपने एक छात्र सुनील के घर गए. सुनील ने अपने अध्यापक जी का स्वागत किया. अध्यापक जी को खीर खाने को दिया. अध्यापक जी जब खीर खा रहे थे तभी सुनील की मां वहां आयी. अध्यापक जी को खीर खाते देख वह हैरान होकर सुनील से पूछीं-बेटा, सुनील, तुमने यह खीर अध्यापक जी को खाने क्यों दिया? इसे तो रात बिल्ली चाट रही थी. यह सुनकर अध्यापक जी ने खीर का वह कटोरा फेंक दिया. सुनील फौरन अध्यापक जी से बोला-अध्यापक जी, आपने वह कटोरा क्यों फेंक दिया? अब मेरा कुत्ता किस कटोरे में खाएगा?

□ □ □

विज्ञान की कक्षा में शिक्षक कह रहा था, 'बच्चों, विज्ञान में बहुत शक्ति है पर इतनी नहीं कि एक जीव को दूसरे में बदल दे.......'

'पर सर,' एक लड़के ने धीरे से उसकी बात काटी, 'वह शक्ति आप में तो है.'

'क्या बक रहा है तू?' शिक्षक बड़बड़ाया.

'सच ही तो कह रहा हूं-आप जब चाहते हैं, तब हमें मुर्गा बना देते हैं.'

□ □ □

बीवी ने मियाँ से पूछा, 'क्यों जी, ऐसी कौन-सी वस्तु है जो पुरुषों को पसंद है और महिलाओं को नहीं?'

मियाँ डरते-डरते, 'खामोशी.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3589



**बायें से दायें:-**

१. शाहिद कपूर, अमृता राव की फिल्म-३
३. शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी वाली पहली फिल्म कौन सी थी-२,२
६. सनी, प्रीति की 'तुझे देखा तो दिल मेरा डोल गया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'वो लड़की जो सबसे अलग है' गीत वाली फिल्म-४
९. शत्रुघ्न सिन्हा, शर्मिला की फिल्म-३
११. 'तू प्यार का सागर है तेरी' गीत वाली बलराज, नूतन की फिल्म-२
१२.अजय, जॉन, लारा, ईशा की फिल्म-२
१३. 'इससे पहले कि याद' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१६. भारतभूषण, नूतन की फिल्म-३
१९. फिल्म 'ईना मीना डीका' में जूही का नाम क्या है-२
२०. मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीतवाली फिल्म-३
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली फिल्म-२
२२. दिलीपकुमार, निम्मी की 'खेलो रंग हमारे संग' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'ऐ बादल झूम के चल' गीत वाली नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२५. सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली ऋतिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
२८. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दो परदेसी अनजाने' गीतवाली फिल्म-३
३०. 'अंखियां ये अंखियां' गीत वाली दिलीप कुमार, रेखा की फिल्म-२
३१. दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३३. अमिताभ-जीनत अमान की हिट फिल्म की शहरूख, प्रियंका स्टारर रीमेक-२
३४. 'ये दौलत भी लेलो' गीतवाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'लगे रहो मुन्ना भाई' में संजयदत्त के साथ नायिका कौन है-२,३
२. सैफ अली खान, काजोल की फिल्म-३
३. 'देखो देखो जानम' गीत वाली फिल्म-२
४. दिलीपकुमार, संजयदत्त, पद्मिनी की 'हाथों की चंद' गीत वाली फिल्म-३
५. अजय देवगन, आयशाटकिया की फिल्म-३
८. 'मेहंदी लाया साजन' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'इश्क पे मत इल्जाम लगाना' गीत वाली ऋषिकपूर, फरहा की फिल्म-३
१४. अजय देवगन अभिषेक, बिपाशा की 'तेरे संग एक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'विक्टोरिया नं. २०३' में प्राण का नाम-२
१६. देवानंद, मधुबाला की 'सावन के महीने में एक' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'रेशम जैसा रंग देखो' गीत वाली गोविंदा, सोनम की फिल्म-२
१८. राजेंद्रकुमार, कामिनी की फिल्म-३
२१. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानवी की फिल्म-२
२२. बॉबी, करिश्मा की 'तुम क्या जानो दिल करता' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'घातक' में सनी का नाम क्या था-२
२४. अजय देवगन, जूही चावला की 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'हम तो दिल से' गीत वाली फिल्म-२
२६. विनोद खन्ना, डिम्पल की फिल्म-३
२९. 'धीमी धीमी सी' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'ओ डार्लिंग ये है इंडिया' में 'मिस इंडिया' कौन बनी है-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3588



## सूडोकु -3589


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3588 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 3589



**बाएँ से दाएँ**

1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -3588 का हल



# लोट्स 300 एओए ने नोएडा प्राधिकरण को भेजा लीगल नोटिस

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद फ्लैट्स की रजिस्ट्री में देरी को बनाया आधार

नोएडा। सेक्टर 107 स्थित लोटस 300 सोसाइटी के अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) ने नोएडा प्राधिकरण को लीगल नोटिस भेजा है। जिसमें उस पर फ्लैटों के रजिस्ट्री संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की जानबूझकर अवहेलना करने का आरोप लगाया गया है। एओए के पदाधिकारियों ने कहा कि 22 अप्रैल को 228 फ्लैट वाले चार टावरों के लिए अधिभोग प्रमाण पत्र (ओसी) और कंप्लीशन सर्टिफिकेट (सीसी) जारी होने के बावजूद, रजिस्ट्री की प्रकिया रुकी हुई है।

इस कारण ही एओए ने घर खरीदारों के अधिकारों की रक्षा के लिए अवमानना कार्यवाही की चेतावनी दी है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अभी तक कानूनी नोटिस नहीं मिला है, उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया नहीं रोकी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आईआरपी से बिल्डर-खरीदार समझौता (बीबीए) और खरीदारों के अन्य दस्तावेजों का विवरण मांगा गया था ताकि केवल वास्तविक खरीदार ही अपने फ्लैटों का रजिस्ट्री करा सकें।

### 25 फ्लैट मालिक जमा कर चुके स्टांप

लोटस 300 एओए के अध्यक्ष भुवन चतुर्वेदी ने कहा, टावर नंबर 3 से 6 तक 228 फ्लैटों में से 25 फ्लैट मालिकों ने पहले ही 28 अप्रैल को ही नोएडा प्राधिकरण में रजिस्ट्री के लिए आवश्यक स्टांप शुल्क करीब 5 करोड़ रुपए के खरीदकर जमा कर दिए थे। रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के बजाय, प्राधिकरण ने 19 जून को फिर से आईआरपी को एक पत्र भेजा, जिसने सात दिन के अंदर दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद शुरुआती 25 आवंटियों के लिए सभी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए।

24 जून के बाद से दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने रजिस्ट्री के लिए कोई कदम नहीं




उठाया है। यह केवल सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की जानबूझकर अवज्ञा करने के प्राधिकरण के इरादे को दर्शाता है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को बुधवार को जारी कानूनी नोटिस में एओए द्वारा बार-बार किए गए अनुरोध जिनमें अप्रैल से जुलाई के बीच आठ अलग-अलग तारीखों पर भेजे गए पत्र भी शामिल हैं। प्राधिकरण कार्यालय में एओए प्रतिनिधियों के 20 से ज़्यादा बार आने का जिक्र भी है।

### जानबूझ कर की जाने वाली अवमानना

एओए ने तर्क दिया कि यह लगातार जानबूझकर की जाने वाली अवमानना है, जिससे वास्तविक घर खरीदारों को नुकसान पहुंच रहा है। एओए ने चेतावनी दी है कि लगातार अनुपालन न करने पर उन्हें सुप्रीम कोर्ट में अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। यह कानूनी लड़ाई हैसिंडा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड (एचपीपीएल) द्वारा विकसित लोटस 300 सोसाइटी के छह टावरों में 330 फ्लैटों के पंजीकरण के लिए करीब दस सालों से चल रहे संघर्ष से उपजी है।

### 2010 में आवंटित की थी जमीन

नोएडा प्राधिकरण ने मार्च 2010 में एचपीपीएल को 17 एकड़ ज़मीन आवंटित की थी। डेवलपर ने 39 महीने की वादा की गई समय-सीमा के साथ परियोजना शुरू की थी, जिसे बाद में जुलाई 2017 तक बढ़ा दिया गया था। हालांकि, डेवलपर ने केवल चार टावरों का निर्माण पूरा किया और आंशिक कब्ज़ा दिया। जिसके कारण घर खरीदारों ने कानूनी कार्रवाई की।

### 2018 में प्राथमिकी दर्ज से सुप्रीम कोर्ट तक

2018 में घर खरीदारों ने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में एचपीपीएल के निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक साजिश का आरोप लगाते हुए एक प्राथमिकी दर्ज कराई। 2019 में नोएडा प्राधिकरण ने डेवलपर्स के खिलाफ 64 करोड़ रुपए का वसूली नोटिस जारी किया, जिसे कंपनी ने चुनौती दी। फरवरी 2024 में इलाहाबाद हाइकोर्ट ने डेवलपर्स द्वारा कथित मनी लॉन्डरिंग और धन के दुरुपयोग की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का आदेश दिया।

इसने नोएडा प्राधिकरण को डेवलपर्स से बकाया भुगतान पर ज़ोर दिए बिना ओसी/सीसी जारी करने और फ्लैटों का पंजीकरण करने का भी निर्देश दिया। ईडी जांच के आदेश को पूर्व प्रमोटरों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने ईडी जांच पर आंशिक रूप से रोक तो लगा दी, लेकिन पूर्व प्रमोटरों के विरुद्ध कानून के अनुसार कानूनी कार्रवाई करने की अनुमति दे दी।

# जेवर एयरपोर्ट के पास निर्माण के नए नियम

## 20 किमी के दायरे में बिल्डिंग या पेड़ लगाने से पहले एएआई से एनओसी जरूरी

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरण जैन ने एयरपोर्ट के आसपास निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। एयरपोर्ट के एयरोड्रम रेफरेंस पॉइंट से 20 किलोमीटर के दायरे में कोई भी निर्माण कार्य शुरू करने से पहले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) से एनओसी लेना अनिवार्य होगा।

यह नियम न केवल बिल्डिंग निर्माण पर लागू होगा, बल्कि पेड़ लगाने पर भी। इस नियम का उद्देश्य विमान संचालन की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करना है। स्थानीय निकायों को 20 किलोमीटर की परिधि में होने वाले किसी भी विकास कार्य से पहले सूचित करना होगा।

स्थानीय निकाय एएआई द्वारा जारी कलर-कोडेड जोनिंग मैप से अनुमेय ऊंचाई की जांच करेंगे। निर्माण की



प्रस्तावित ऊंचाई के आधार पर, आवेदकों को एएआई के एनओसीएएस पोर्टल के माध्यम से एनओसी के लिए आवेदन करना होगा।

यह प्रक्रिया नागरिक उड्डयन मंत्रालय के नियम 2015 के तहत संचालित होती है।

नियमों का उल्लंघन करने वाला कोई भी निर्माण विमान संचालन और नेविगेशन सिस्टम के लिए खतरा बन सकता है। पहले यह सीमा त्रुटिवश 10 किलोमीटर बताई गई थी, जिसे अब सही कर 20 किलोमीटर कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए, विमान (भवन और पेड़ों से उत्पन्न बाधाओं को गिराना) नियम, 2023 अधिकारियों को कानूनी कार्यवाही शुरू करने का अधिकार देते हैं, जिसमें अनाधिकृत संरचनाओं या पेड़ों को गिराना और विमान नियमों के तहत दंड लगाना शामिल है।

## नोएडा में रेप का आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। नौकरी में प्रमोशन दिलाने का झांसा देकर युवती के साथ रेप करने वाले आरोपी को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने शनिवार को सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कानपुर देहात के गोविंद नगर निवासी अंकित अरोरा के रूप में हुई है। 37 साल का अंकित पूर्व में हैदराबाद से भी जेल जा चुका है। थाना प्रभारी ने बताया कि इसी साल 15 मई को एक युवती ने थाने में दी शिकायत में बताया था कि नौकरी में प्रमोशन दिलाने के बहाने अंकित अरोरा उसे एक जगह पर ले गया। वहां उसने शीतल पेय में नशीला पदार्थ मिलाया और युवती को पिला दिया। बेहोशी की हालत में उसने युवती के साथ रेप किया। होश में आने के बाद युवती ने जब विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। कुछ दिन तक युवती चुप रही, लेकिन जब बार-बार उसे परेशान किया जाने लगा तो उसने पुलिस से इसकी शिकायत कर दी। आरोपी अंकित के खिलाफ दिल्ली और हैदराबाद समेत अन्य जगहों पर चार केस विभिन्न धाराओं में दर्ज है। आरोपी वर्तमान में लोगों को लोन दिलाने का काम करता है।

# भाकियू की महापंचायत की तैयारी



### 30 जुलाई को जेपी वीआईपी गेट पर होगी बैठक, प्रदेश भर से जुटेंगे कार्यकर्ता

जेवर। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) महात्मा टिकैत के दनकौर स्थित कैंप कार्यालय पर शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 30 जुलाई 2025 को जेपी वीआईपी गेट के सामने स्थित हाइवे अंडरपास पर होने वाली महापंचायत की तैयारियों पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव जयवीर कसाना ने की, जबकि संचालन पंकज शर्मा ने किया। जिला मीडिया प्रभारी सुमित नागर अमरपुर ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से महापंचायत में बड़ी संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया है। पदाधिकारियों ने हजारों कार्यकर्ताओं के आगमन और उनकी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया। साथ ही सभी को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बॉबी नागर, जिला अध्यक्ष श्यामवीर नागर, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य जयकिशन, गजराज डेरिन, ओमप्रकाश और रणवीर मोहन उपस्थित थे।

इसके अलावा युवा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, युवा जिला सचिव यश लोदाना, जिला कोषाध्यक्ष देविंद्र शर्मा, एनसीआर अध्यक्ष अमित जी और मेरठ मंडल महासचिव रविंद्र नागर समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नोएडा पुलिस ने 100 मोबाइल असली मालिकों तक पहुंचाए

## सर्विलांस सेल की ली मदद, ये अलग-अलग स्थानों से किए गए ट्रेस

नोएडा। नोएडा पुलिस ने सर्विलांस की मदद से 100 फोनों को ट्रैक किया। उनको ढूंढा और असली मालिकों को आज सुपुर्द किया। ये काम नोएडा पुलिस के सर्विलांस सेल के सहयोग से किया गया। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी और एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने थाना फेज-2 में लोगों के गुम हुए अलग-अलग कंपनियों के 100 स्मार्ट मोबाइल फोन उनके मालिकों को दिए।

डीसीपी ने बताया कि ये मोबाइल फोन भीड़-भाड़ वाले बाजारों,सब्जी व फलों की मंडियों व साप्ताहिक बाजारों में सामान खरीदते समय नीचे झुकने, बैठने व धक्का मुक्की में गिर गये थे। कुछ मोबाइल ऐसे भी है जो लोगों के यात्रा के दौरान मोबाइल ऑटो, टैक्सियों, बसों व मेट्रो ट्रेनो में छूट गये थे। बाइक चलाते समय ब्रेकर आने पर ज़ेबो से निकल कर गिर गये थे। ई-रिक्शा में यात्रा करते समय ब्रेकर आने पर गिर गये थे।

खुले में काम करने वाले कारीगरों के काम समाप्त करने के बाद वही काम के दौरान छूट गये थे सार्वजनिक पार्क में खेलने के दौरान, व्यायाम करने के दौरान छूट गये थे।

# नोएडा में निवेश में मुनाफा दिखाकर 11 लाख ठगे

## एक महीने तक करते रहे पैसे ट्रांसफर, छह महीने पर दर्ज हुआ केस

नोएडा। साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर इंजीनियर के साथ दस लाख 97 हजार रुपये की ठगी की। इस मामले में तीन तथाकथित ठगों के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज हुआ है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है। पुलिस उन खातों की जानकारी जुटा रही है।

### वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ा गया

पुलिस को दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक सोसाइटी निवासी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि दिसंबर 2024 में उन्हें ट्रेडिंग से जुड़े वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप एक नामी ट्रेडिंग कंपनी का बताया गया।



शिकायतकर्ता से यह भी कहा गया कि इस ग्रुप में दो मेंटॉर रहेंगे जो मुनाफे वाले कारोबार और शेयर मार्केट के संबंध में जानकारी देंगे। एक बड़ी कंपनी का ग्रुप होने के कारण शिकायतकर्ता ठगों द्वारा कही गई बातों के झांसे में आ गए। प्रारंभिक चरण में जब शिकायतकर्ता ने निवेश किया तो उन्हें कुल 81 हजार रुपए का लाभ हुआ।

### ज्यादा मुनाफा का आया लालच

मुनाफे समेत पूरी रकम निकालने की अनुमति भी शिकायतकर्ता को दी गई। ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में इंजीनियर ने कई बार में दस लाख 97 हजार रुपए विभिन्न खातों में ठगों के कहने पर ट्रांसफर कर दिए। इस दौरान शिकायतकर्ता को एक ऐप भी डाउनलोड कराया गया, जिसमें निवेश की हुई रकम बढ़कर 15 लाख रुपए से ऊपर दिखाई देनी लगी। आवश्यकता पड़ने पर जब शिकायतकर्ता ने पैसे निकालने का प्रयास किया तो ठगों ने विभिन्न करों और सिस्टम ब्लॉक होने का हवाला देते हुए और रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा।

### छह महीने बाद दर्ज हुआ केस

ठगी की आशंका के चलते ने जब ठगों द्वारा बताई गई कंपनी का नंबर निकालकर कॉल की तो पता चला कि वह ग्रुप संबंधित कंपनी का नहीं था। बताया गया कि इस प्रकार की कोई भी स्कीम उनकी कंपनी की ओर से कभी लॉन्च ही नहीं की गई है। ठगों ने सिर्फ विश्वास जीतने के लिए कंपनी के नाम का प्रयोग किया था। इस मामले में घटना के करीब 6 महीने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई। हालांकि पीड़ित ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्ट पोर्टल पर पहले ही सूचना दे दी थी।

# नोएडा पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

## पैर में गोली लगने के बाद किया गिरफ्तार, रेकी कर वाहन चोरी करता था

नोएडा। नोएडा पुलिस द्वारा लगातार मुठभेड़ कर शातिर बदमाशों को पकड़ा जा रहा है। इस क्रम में फेज-2 थाना पुलिस सेक्टर-92 के पास चेकिंग कर रही थी। एक बाइक सवार उनकी तरफ आते दिखा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। वो रुका नहीं बल्कि तेजी से एनएसईजेड मेट्रो की तरफ भागने लगा। पुलिस को शक होने पर बाइक सवार का करीब 700 मीटर तक पीछा किया। ये देख बाइक सवार ग्रीन बेल्ट के किनारे नाले की पटरी की तरफ भागने लगा।

### घिरता देख पुलिस पर किया फायर

पुलिस ने बदमाश की चारो तरफ से घेराबंदी की। अपने को घिरता देख बदमाश ने बाइक को वही गिरा दिया



और तमंचा निकालकर पुलिस पार्टी पर फायर किया। पुलिस ने पहले आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। नहीं मानने पर पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की गई। जिससे बदमाश के पैर में गोली लगी। बदमाश वहीं गिर गया। बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान फैजान पुत्र अली अहमद निवासी भंगेल थाना फेस 2 हुई। इसकी उम्र करीब 25 साल हुई। घायल बदमाश के कब्जे से 01 देशी तमंचा मिला। जिस बाइक से था वो भी चोरी की है। पूछताछ में बताया कि रैकी करके वाहन चोरी करता था। इसे बेचता और मिले पैसों से मौज मस्ती करता था। इसके और भी साथी हो सकते है। पूछताछ के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। बदमाश पर मैनपुरी के अलावा नोएडा में मुकदमे दर्ज है।

## पोस्टमैन को नहीं मिला 6 साल का वेतन

जेवर। दनकौर डाकघर में 43 वर्ष तक ग्रामीण डाक सेवक के रूप में कार्यरत रहे राजेंद्र प्रसाद शर्मा को विभाग ने 6 साल का वेतन नहीं दिया है। वह 2019 में सेवानिवृत्त हुए। राजेंद्र प्रसाद ने फरवरी 2012 से 2019 तक विभागीय अधिकारियों के आदेश पर टाउन पोस्टमैन का अतिरिक्त कार्य किया। विभाग ने केवल 2 साल का वेतन दिया और बाकी का भुगतान रोक दिया। पहले दनकौर डाकघर बुलंदशहर से संचालित होता था। अब यह गौतमबुद्ध नगर जिले के अधीन है। दोनों जिलों के अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। राजेंद्र प्रसाद 2014 से अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं। वह पिछले 11 साल से बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर के डाक अधीक्षकों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। थक हारकर अब उन्होंने संचार मंत्रालय में शिकायत की है।

# एप्पल के नकली मोबाइल पार्ट्स की बिक्री का भंडाफोड़

## 5 दुकानों से 3800 से ज्यादा नकली पार्ट्स जब्त, 5 गिरफ्तार



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में एप्पल और समिता लीगल कंपनी ने पुलिस के साथ मिलकर नकली मोबाइल पार्ट्स बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। जगत फार्म मार्केट में की गई छापेमारी में पांच दुकानों से एप्पल के नकली पार्ट्स बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें इमरान, अंकुर गुप्ता, विशाल भाटी, दानिश और मनी भूषण शर्मा शामिल हैं। सभी आरोपी श्री अमृत प्लाजा की दुकानों में नकली सामान बेच रहे थे।

छापेमारी में एप्पल कंपनी के 1611 नकली बैक कवर, 1448 मेम्ब्रेन, 8 टच फोल्डर और 730 स्पेयर पार्ट्स बरामद किए गए। यह कार्रवाई थाना बीटा-2 पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर की।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में बारिश से जलभराव



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में हुई मूसलाधार बारिश ने प्राधिकरण की मानसून तैयारियों की पोल खोल दी है। बीटा-1 सेक्टर में बारिश के बाद जगह-जगह पानी भर गया। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जलभराव की समस्या से जहां बड़ों को दिक्कतें आईं, वहीं छोटे बच्चे जमा पानी में खेलते और मस्ती करते नजर आए। मामूली बारिश में ही सेक्टर में पानी भर जाने से प्राधिकरण के विकास कार्यों पर सवाल उठ रहे हैं। यह स्थिति प्राधिकरण की ओर से किए गए मानसून पूर्व तैयारियों के दावों की पोल भी खोलती है।

## कांवड़ियों के लिए बिजली की मांग

जेवर। ग्रेटर नोएडा के इमलिया गांव में स्थित प्राचीन झिंडी वाले बाबा का मंदिर बिजली व्यवस्था के अभाव से जूझ रहा है। यह समस्या कांवड़ियों के लिए विशेष चिंता का विषय बन गई है। ग्राम के बीडीसी संतराज आर्य ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह और नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान मांगा है। मंदिर की महत्ता बताते हुए संतराज आर्य ने कहा कि यह स्थल आसपास के कई गांवों की आस्था का केंद्र है। प्रतिवर्ष यहां शिवभक्त कांवड़ लेकर आते हैं और ठहरते हैं। पिछले 60 वर्षों से मंदिर में रोजाना हवन की परंपरा चली आ रही है। बिजली व्यवस्था के अभाव में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के समाधान से न केवल कांवड़ियों को राहत मिलेगी, बल्कि नियमित धार्मिक गतिविधियां भी सुचारु रूप से संपन्न हो सकेंगी।

## विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम से कहासुनी

जेवर। ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे में शुक्रवार रात एक विचित्र घटना सामने आई। चोरी के मामले में दो पक्षों के बीच हुए विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। घटना में एक पक्ष के लोगों ने दरोगा को अपने घर के अंदर खींचने का प्रयास किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक पुलिसकर्मी खुद इस घटना का जिक्र कर रहा है। हालांकि, पुलिस का दावा अलग है। पुलिस का कहना है कि चोरी के मामले में दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी को सुलझाने के लिए टीम मौके पर गई थी। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके कर्मियों के साथ किसी ने अभद्रता नहीं की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नोएडा पहुंची दस्यु सुंदरी सीमा परिहार

नोएडा। नारी अबला नहीं अपने पर आ जाए तो सब कुछ कर सकती है। नारी को खुद को सक्षम बनना होगा। अभी राजनीति में नहीं आऊंगी। साथ मिला और आगे तय होगा क्या करना है। ये बात दस्यु सुंदरी सीमा परिहार ने कही। उनको भारतीय किसान यूनियन (एस) की महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। ये पीडीएमएम (पिछड़ा , दलित , मुस्लिम मोर्चा ) का एक संगठन है। इस गठबंधन में सात से ज्यादा पार्टियां है। सीमा परिहार ने कहा- अब मैं किसी के दबाव में नहीं हूं। गांव में जाकर महिलाओं और लोगों से बातचीत करूंगी। उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाबा अपनी पोती का रेप कर रहा है। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का नारा दिया गया, लेकिन वो साकार होता नहीं दिख रहा है। इसमें कुछ गलतियां हमारी भी हैं। हर बेटी के मां बाप को सक्षम होना चाहिए। बेटियों को सक्षम होना चाहिए। हमारी माताओं और बहनों को साहस दिखाना होगा सामने वाला अपने आप ही डरेगा।

## फ्लैट न देने के मामले में बिल्डर पर मुकदमा दर्ज

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर ईटा-2 में आवासीय प्रोजेक्ट बना रहे बिल्डर पर पूरे रुपये लेकर फ्लैट पर कब्जा नहीं देने का आरोप लगा है। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर बिल्डर और बैंक प्रबंधन समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आगरा निवासी वीरेंद्र कुमार भारती ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने वर्ष 2016 में बिल्डर के प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक किया था। बिल्डर ने बुकिंग के समय वर्ष 2020 तक कब्जा देने का आश्वासन दिया था। इस बीच उनसे फ्लैट की पूरी रकम जमा करा ली गई। आरोप है कि नौ साल बाद भी फ्लैट पर कब्जा नहीं दिया गया। बिल्डर 10 लाख रुपये अतिरिक्त मांग कर रहा था। पीड़ित ने फ्लैट पर बैंक से लोन करवाया था। बिल्डर की मिलीभगत से बैंक प्रबंधन ने उनका लोन का खाता बंद कर दिया। दोनों आपस में मिलकर फ्लैट को किसी दूसरे को बेचने की फिराक में थे। पीड़ित ने बताया कि मामले की शिकायत लेकर वह बिल्डर के कार्यालय पहुंचे थे। बिल्डर के बाउंसर ने मारपीट कर भगा दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## सेक्टर-44 में ग्रुप हाउसिंग भूखंड की योजना लॉन्च

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-44 में ग्रुप हाउसिंग के एक भूखंड योजना लॉन्च की। यह भूखंड 13 हजार 500 वर्ग मीटर का है। इस भूखंड को पाने के लिए एक अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद 21 अगस्त को इस भूखंड के लिए आवेदन करने वाले दावेदारों के बीच ऑनलाइन बोली लगेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना से संबंधित पूरी जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट पर मौजूद है। सेक्टर-44 शहर का सबसे वीवीआईपी सेक्टर है। ग्रुप हाउसिंग का इस सेक्टर का आवंटन रेट 1 लाख 94 हजार 30 रुपये है। आवेदन करने वाले को भूखंड पाने के लिए इस कीमत से अधिक बोली लगानी होगी। इस सेक्टर की आवासीय दर 1 लाख 75 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर है। यह सेक्टर-44 नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से लगा हुआ है। यहां से दिल्ली व ग्रेटर नोएडा के किसी भी हिस्से में आसानी से पहुंचा जा सकता है।




# कानपुर में रेलवे ट्रैक धंसा, चित्रकूट में सड़क पर नाव

### उन्नाव में सीएचसी तालाब बना; बिजनौर में पानी में खेल रहे बच्चे





**उत्तर प्रदेश।** यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। लखनऊ-कानपुर समेत 25 शहरों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। बिजनौर में तेज बारिश से सड़कें तालाब बन गईं। बच्चे इसी पानी में खेलते दिखे। उन्नाव में सीएचसी तालाब बन गया है। इससे मरीजों और तीमारदारों को काफी परेशानी हो रही है।

वहीं, चित्रकूट में भारी बारिश से बाढ़ आ गई। घाट किनारे एक मंजिल तक मकान डूब गए हैं। मंदाकिनी नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। एसपी ने बताया-लोगों के डूबने भर का पानी सड़कों पर भरा है। दुकानें डूब चुकी हैं। सतना रोड पर एक दिव्या होटल है, जिसमें कुछ पर्यटक फंस गए थे। मुझे जैसे ही सूचना मिली, तो तत्काल उन लोगों को होटल से निकाला गया।

कानपुर में बारिश से रेलवे ट्रैक धंस गया है। इसके चलते कालिंदी एक्सप्रेस को अचानक रोकना पड़ा, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल, रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं। रेलवे ट्रैक को ठीक करने का कार्य चल रहा है। भूसा टोली इलाके में सड़क धंस गई।

लखनऊ में 1 घंटे तक जोरदार बारिश हुई।

मरीन ड्राइव, रिवर फ्रंट और शहर की बाहरी सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। लोगों की गाड़ियां पानी के बीच आते ही बंद हो गईं, जिन्हें धक्का देकर निकालना पड़ा। लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर घुटनों तक पानी भरा गया।

चारबाग स्टेशन के बाहर सड़क पर भी जलभराव है। प्राइमरी स्कूल में पानी घुस गया है। सब्जी मंडी की सब्जियां खराब हो गईं। शहर की 20 से ज्यादा कॉलोनियों में जलजमाव हो गया है।

नगर निगम जोन-6 में एक युवक नाले में बह गया है। अभी तक उसका पता नहीं चल पाया है।

आज 60 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट है। इस दौरान 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

# मेरठ में सड़क पर तड़प-तड़पकर 3 युवकों की मौत

### ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर, चाय पी रहे युवक को भी कुचला

**मेरठ।** मेरठ में ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार 3 युवकों की मौत हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक सड़क पर गिर पड़े। करीब आधे घंटे तक तड़पते रहे।

हादसा रोहटा थाना क्षेत्र में शनिवार को सुबह लगभग 7 बजे हुआ है।



#### मेरठ से बड़ौत जा रहे थे बाइक सवार

मेरठ मेट्रो में नाइट ड्यूटी करने के बाद शनिवार सुबह बाइक से 3 युवक अपने घर कैथवाड़ी की ओर जा रहे थे। लगभग साढ़े 7 बजे रोहटा ब्लॉक के सामने सड़क पर अचानक एक युवक आ गया। उसे बचाने के लिए बाइक सवार ने ब्रेक लगाया, तभी सामने से आ रही ईंटों से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार तीनों युवकों को कुचल दिया।

टक्कर लगने के बाद ड्राइवर ने ब्रेक लगाया लेकिन ट्रैक्टर सहित ट्रॉली पलट गई। वहीं घटनास्थल के पास चाय की दुकान पर चाय पी रहा एक युवक रजनीश भी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। युवकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

#### कैथवाड़ी गांव के रहने वाले थे तीनों

हादसे में कैथवाड़ी के रहने वाले शहजाद (22) पुत्र अलाउद्दीन, अरशद (19) पुत्र रईसु, रोजू (18) पुत्र अब्दुल की मौत हो गई। बताया गया कि तीनों युवक मेरठ में चल रहे मेट्रो के काम में मजदूरी करते थे।

## आगरा में प्रेमी ने प्रेमिका को बीच सड़क पीटा

**आगरा।** आगरा के आवास विकास में प्रेमी-प्रेमिका के बीच झगड़े का वीडियो सामने आया है। प्रेमी प्रेमिकाकी पिटाई लगा रहा है। उस पर जूता उठा रहा है। दोनों के बीच झगड़े को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। घटना शुक्रवार रात की बताई गई है। लोगों ने बताया कि सड़क पर एक लड़का और लड़की आपस में झगड़ रहे थे। दोनों नशे में लग रहे थे। उनका आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पहले दोनों के बीच में काफी देर तक कहासुनी होती रही। इसके बाद लड़के ने युवती पर हाथ छोड़ दिया। उसकी पिटाई लगा दी। इसके बाद उसने अपना जूता उतार लिया। दोनों के बीच में विवाद होता देख राहगीरों की लाइन लग गई। दोनों को शांत कराने का प्रयास किया। बताया गया है कि युवक खेरिया मोड़ के पास का रहने वाला है, जबकि युवती रावली मंदिर के आसपास रहती है। दोनों शादीशुदा है, लेकिन अपने परिवार से अलग हैं।

# गंगा नदी के जलस्तर में तेज गति से हो रही वृद्धि

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के दियारा जाने वाले कई रास्ते जलमग्न हो गए हैं। कटान रोकने के कार्य भी प्रभावित होने के साथ ठप हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा गंगा किनारे हो रही कटान को रोकने के लिए बाढ़ आने से पहले कार्य को शुरू कराया होता। तो अब

तक कार्य पूर्ण हो गया होता। गंगा नदी के जलस्तर में तेज गति से हो रही वृद्धि होने के साथ पक्का बलुआ घाट के कुछ दूरी पर स्थित श्मशान घाट पूरी तरह से जलमग्न होने जाने से शव की अंतिम संस्कार में काफी व्यवधान होने लगी है।

बताया जाता है। कि गंगा नदी के जलस्तर में तेज गति से वृद्धि होने से दियारा जाने वाले कई रास्ते जलमग्न हो गया है। वहीं शासन के निर्देश पर विभागीय स्तर पर कटान रोकने के लिए एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य फिलहाल ठप करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रति वर्ष गंगा नदी में अप्रत्याशित बाढ़ आने से बडेसर, कंकड़घाट, कपूराघाट, चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल से गंगा किनारा काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। इधर विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त किनारों की पत्थर के बड़े बड़े बोल्डर के माध्यम से कटान रोकने के लिए मरम्मत कार्य की शुरुआत की।

लेकिन गंगा नदी के जलस्तर में तेज गति से वृद्धि होने से कार्य को ठप करना पड़ गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि विभाग के द्वारा बाढ़ के मौसम के पूर्व कार्य शुरू नहीं किया गया। समय पर कार्य शुरू किया गया होता। तो अभी तक बोल्डर बिछाने का कार्य पूरा हो गया होता।

## आगरा में करंट से युवक की मौत

**आगरा।** आगरा में एक युवक की करंट से मौत हो गई। युवक मथुरा के पास जरारी का रहने वाला बताया जा रहा है। यहां रहकर वो एसएससी की तैयारी कर रहा था। लाइब्रेरी जाने के लिए किराए के कमरे से निकला था। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इंद्रपुरी कॉलोनी, सिद्धार्थ मंदिर के पास टोरंट का बॉक्स लगा है। नगला पदी में रहने वाला प्रकाश(21) लाइब्रेरी जाने के लिए अपने कमरे से निकला था। पैदल ही लाइब्रेरी की तरफ जा रहा था। टोरंट के बॉक्स से गुजरा तो करंट की चपेट में आ गया। एकदम से वो पास ही नाली में गिर गया। उसके मुंह से आवाजें निकलने लगीं। आधे घंटे तक वो वहीं पड़ा रहा। लेकिन आसपास से निकल रहे किसी भी व्यक्ति की हिम्मत नहीं हुई क्योंकि पूरी नाली में करंट था। लोगों ने टोरंट में शिकायत की। टोरंट कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर बॉक्स की लाइट काटी। तब तक प्रकाश की मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। प्रकाश के पिता किसान हैं। परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों का रो-रोकर कर बुरा हाल था। परिजनों ने थाना न्यू आगरा में टोरंट के खिलाफ तहरीर दी है।

# भारतीय किसान यूनियन भानु की ने की पंचायत

**गौतमबूद्धनगर।** भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत आज अनंगपुर फरीदाबाद चलने व संगठन विस्तार को लेकर गुलावली गांव में हुई जिसमें पंचायत की अध्यक्षता रमेश नेता जी व संचालन सुभाष भाटी ने किया ।



राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी बीसी प्रधान ने बताया कि अनंगपुर फरीदाबाद में सुप्रीम कोर्ट का हवाला देकर जो प्रशासन ने मकान तोड़ने का काम किया है व सरकार द्वारा रणनीति के तहत जे गांव उजाड़ू नीति चल रही है उसके विरोध में अनंगपुर संघर्ष समिति ने जो कल 13 तारीख़ को महापंचायत में पहुँचने का आव्हान किया है उसमें हमारा संगठन पूरी तरह से अपने किसान व ग्रामीणों के साथ है और अलग-अलग प्रदेश से हमारे हज़ारों लोग वहाँ पहुँच रहे हैं उसी उपलक्ष्य में इस मीटिंग के माध्यम से हमने भी सैकड़ों लोगों के साथ चलने का आह्वान भी किया है और यहाँ संगठन विस्तार भी किया जिसमें ग्राम अध्यक्ष संतराज चपराना व सोनू चपराना व सोनू जेसीबी नोएडा कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया ।

इस मौक़े पर चौधरी बेगराज प्रधान, प्रेम सिंह भाटी,रामकेश चपराना,ओमप्रकाश गुर्जर,भँवर प्रधान, महेश तवर, प्रेमचंद शर्मा,जोगेंद्र चपराना, डाक्टर रोहतास, हरेन्द्र बैसोया, कालू तवर, अंकुर कश्यप, धर्मवीर प्रधान, गजराज ठेकेदार, चिंटू नागर वीरपाल नागर इत्यादि मौजूद सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

# सीतापुर : 17 जुलाई को होगा वृहद रोजगार मेला

### 18 वर्ष से 40 वर्ष तक आयुवर्ग के अभ्यर्थी ले सकते हैं भाग

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

**सीतापुर।** जनपद के नगर महोली में स्थित स्व0 दयाशंकर पटेल महाविद्यालय में वृहद रोजगार मेला का आयोजन 17 जुलाई को किया जाएगा। प्रतिभाग लेने वाले अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के युवाओं को अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत आगामी 17 जुलाई को महाविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

संस्थान के प्राचार्य डॉ अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि रोजगार मेले का उद्धघाटन क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी द्वारा किया जाएगा।रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति , बायोडाटा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजो के साथ निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। महाविद्यालय के अध्यापक अनुराग अवस्थी ने बताया कि इस मेले में 15 से 20 बड़ी कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।छात्र-छात्राएं मेले में पहुँचकर अपने भविष्य का मार्ग तलाश सकते है।

उन्होंने कहा कि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल होनी हैं।

## कांवड़ यात्रा को लेकर सड़कों पर उतरे अफसर

**बरेली।** श्रावण मास और कांवड़ यात्रा-2025 को देखते हुए बरेली पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कांवड़ रूट का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने रूट पर रुकने वाले जत्थों की सुरक्षा, सफाई और सुविधाओं की पड़ताल की और अधिकारियों को मौके पर ही जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान कोई अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने सबसे पहले बरेली-बदायूं रोड पर कांवड़ियों के रुकने के स्थानों का जायजा लिया। साफ-सफाई, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं की जांच की गई। सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी गई और उनकी कार्यक्षमता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के रामगंगा तिराहे पर और कांवड़ सेल की भी समीक्षा की गई। इसके बाद एसएसपी ने बदायूं बॉर्डर से थाना कैंट तक के रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान धोपेश्वरनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग पर भीड़ नियंत्रण और यातायात सुगमता के इंतजामों का आकलन किया गया।

# बरेली में मुठभेड़ के दौरान 5 बदमाश अरेस्ट

### शराब चोरी के मामले में चल रहे थे फरार, एक के पैर में लगी गोली

**बरेली।** बरेली में शराब चोरी करने वाले चोरों को कैंट पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैंट पुलिस ने कठपुला पुल के पास जंगल के रास्ते पर 2 बाइकों पर सवार 5 बदमाशों को रोका, तो बदमाशों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग कर पांचों बदमाशों को धर दबोचा।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कैंट पुलिस ने शराब चोरी में फरार चल रहे बदमाशों को कठपुला पुल के पास जंगल में घेर लिया। घटना में शामिल 2 बाइकों पर सवार 5 चोर थाना कैंट क्षेत्र के कठपुला पुल के पास जंगल के रास्ते पर आ रहे थे। पुलिस टीम ने चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया। पुलिस की आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में एक अभियुक्त रविंद्र पुत्र गजेंद्र पाल निवासी धनोरा, थाना भमोरा के बाएं पैर में गोली लगी है।



## कुशीनगर में करंट लगने से युवक की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के जटहां बाजार थाना क्षेत्र के माघी कोठीलवा गांव में शनिवार को एक दुखद घटना सामने आई। 30 वर्षीय मुन्ना कुशवाहा घर में बिजली की खराबी ठीक कर रहे थे। इस दौरान उन्हें तेज करंट लग गया। करंट लगने से वह तुरंत बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन तत्काल उन्हें अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुन्ना कुशवाहा को स्थानीय लोग एक मेहनती और मिलनसार व्यक्ति के रूप में जानते थे। उनकी अचानक मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिवार के सदस्य सदमे में हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। यह घटना बिजली से संबंधित कार्य करते समय सुरक्षा उपायों के महत्व को रेखांकित करती है।

# गोरखपुर में बिजली कर्मचारियों का निजीकरण के खिलाफ विरोध

### कर्मचारियों का ट्रांसफर, वेतन रोका; स्मार्ट मीटर को लेकर भी नाराजगी

**गोरखपुर।** गोरखपुर में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का विरोध शुरू कर दिया है। समिति का कहना है कि पावर कॉर्पोरेशन कानूनी बाधाओं के कारण निजीकरण को जबरन लागू करने की कोशिश कर रहा है।



कर्मचारियों के साथ कई तरह की कार्रवाई की जा रही है। हजारों बिजली कर्मचारियों को दूर-दराज के स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। फेशियल अटेंडेंस के नाम पर कई कर्मचारियों का वेतन रोका गया है। प्रमुख नेताओं पर अनियमित आय के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। समिति ने कर्मचारियों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया है। उनका कहना है कि यह यूपी इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999 और ट्रांसफर स्कीम 2000 का उल्लंघन है। इन कानूनों में रियायती बिजली सुविधा को टर्मिनल बेनिफिट का हिस्सा माना गया है। नवंबर 2024 से चल रहा यह आंदोलन अब पूरे प्रदेश में फैल चुका है। 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के बाद कानपुर और वाराणसी में टैरिफ सुनवाई के दौरान उपभोक्ता परिषद और किसान संगठनों ने भी निजीकरण का विरोध किया है।

## शार्ट न्यूज

### पेड़ गिरने से आवागमन बाधित

#### भूतनाथ फुटपाथ पर लगी दुकान के अंदर था पेड़

**महेश सिंह विशाल इंडिया**



**लखनऊ।** इंदिरा नगर के भूतनाथ सब्जी मंडी में शनिवार सुबह पेड़ गिर गया और ये पेड़ सब्जी मंडी के फुटपाथ पर लगी दुकान के अंदर था । बताते चलें दुकान दार प्रति दिन की तरह दुकान बंद कर चला गया और जब सुबह दुकान पर आया तो देखा पेड़ गिरा हुआ था। पेड़ काफी विशाल होने के कारण दुकान क्षतिग्रस्त हो गई दुकान के समान भी इधर उधर हो गए। और सब्जी मंडी से भूतनाथ जाने वाला मार्ग भी बाधित रहा। फिलहाल इस घटना को नगर निगम के कर्मचारियों को अवगत कराया गया जहां पर कर्मचारी सहज राम, अफजल, राजवीर, जावेद, शत्रुघ्न ने पहुंच कर पेड़ को हटाने का कार्य किया करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ को रास्ते से पूरी तरह साफ कर दिया गया। वहीं पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए वाई फाई नेटवर्क भी बाधित रहे।

### जिलाधिकारी ने थाना दिवस पर फरियादियो का फरियाद सुनी निस्तारण का आदेश दिया

**हरिनारायण यादव व्यूरो विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थिति में थाना नंदगंज में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर थाना नंदगंज मे 19 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतो को लिखित रूप में दिया जिसमें मौके 04 का निस्तारण किया गया। अधिकारी द्वय द्वारा शिकायतो के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने आवदनो के निस्तारण हेतु गांव की शिकायत जो भी शिकायत आती है तो राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम वहां मौके पर जाकर निस्तारण करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नही होगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सैदपुर , क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा, थाना प्रभारी नंदगंज अन्य पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रेलवे क्रॉसिंग पर दो पक्षों में मारपीट

**कन्नौज।** कन्नौज के जसोदा कस्बा में रेलवे क्रॉसिंग पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मक्के की फसल को लेकर भाइयों के बीच शुरू हुआ यह विवाद करीब आधे घंटे तक चला। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया। घटना में महिलाएं भी शामिल थीं। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि रेलवे फाटक पर करीब 50 लोग आपस में भिड़ गए। कुछ लोग पत्थर भी चला रहे थे। इससे आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। इस झगड़े में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने विवाद कर रहे लोगों को हटाने का प्रयास किया। हालांकि, उपद्रवी पुलिस के सामने भी एक-दूसरे पर हमलावर होते रहे। कुछ देर बाद उपद्रवी मौके से भाग गए। जसोदा चौकी प्रभारी मोहन लाल ने बताया कि विवाद भाइयों के बीच मक्के की फसल को लेकर हुआ था। दोनों पक्षों को कोतवाली ले जाया गया, जहां उन्होंने आपस में सुलह-समझौता कर लिया।

### सीतापुर में प्राइवेट लाइनमैन की मौत

**सिधौली।** सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र के चंदेसुवा गांव में एक प्राइवेट लाइनमैन का शव मिला है। शनिवार को धान के खेत में विद्युत पोल के पास मृत मिले व्यक्ति की पहचान राममिलन मौर्य के रूप में हुई है। वह 40 वर्षीय थे और शिवराज मौर्य के पुत्र थे। थाना प्रभारी रोहित दुबे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेजा गया है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि एक दिन पहले उनके पति का मोबाइल छीन लिया गया था। उन्होंने इस घटना को हत्या से जोड़ते हुए आशंका जताई है। राममिलन के साथी सुशील ने बताया कि वे सभी प्राइवेट लाइनमैन के रूप में काम करते थे। तीन छोटे बच्चों के पिता राममिलन की मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। संदिग्धों की तलाश जारी है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप

**पीलीभीत।** पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने एसपी के आदेश पर थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, 20 जून 2022 को शाम साढ़े चार बजे थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम शिवपुरिया निवासी नूर (मुन्ने का पुत्र) उसके घर आया। वह उसे बाइक पर बैठाकर अपने घर ले गया। वहां उसका बहनोई सकील, जो अहमद नगर थाना पूरनपुर का निवासी है। पहले से मौजूद था। दोनों ने महिला के साथ छेड़छाड़ की और दुष्कर्म किया। आरोपियों ने उसकी कानों की झुमकी और गले का हार भी छीन लिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने पहले भी थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी। इस पर पीड़िता ने कोर्ट में आपत्ति दाखिल कर दी। आपत्ति की जानकारी मिलने पर 14 मार्च को दोपहर तीन बजे नूर हसन, शाबीन, मुस्कान, सकील और इदरीशन ने पीड़िता के साथ गाली गलौज और मारपीट की।

### गैर इरादतन हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के जीयनपुर थाना क्षेत्र में छेड़खानी के विरोध में हुई मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मौत के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले में पीड़ित गणपत राजभर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि मेरी बेटी घर के बाहर जब बर्तन धो रही थी. इस समय अनुज राजभर ने बेटी के साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया। जब बेटी ने इसका विरोध किया तो आरोपी गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। इसके बाद पीड़िता के पिता ने आरोपी को अपने घर के पास बुलाया और डांट फटकार लगाई। इसी बात से नाराज होकर गांव के पड़ोसी त्रिपुरारी राजभर अनुज राजभर कल्लू राजभर सहित पांच लोगों ने घर में घुसकर लाठी ईंट पत्थर से जमकर मारपीट की। इस घटना के बाद पीड़ित के पिता को गंभीर चोट लग गई। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग का किया अपहरण

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र में नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर ये कार्रवाई की है। उन्होंने पुलिस को बताया- जब इस मामले में आरोपी के घरवालों से शिकायत की गई तो उन्होंने गाली-गलौज की। विवेचना के बाद पुलिस ने विशाल गौड़ सुदर्शन और बरसाती के विरोधी सिधारी थाने में केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। लड़की को भी बरामद कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। मामले की विवेचना कर रही सब इंस्पेक्टर निर्मला को सूचना मिली कि आरोपी मूसेपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के आरोपी को हिरासत पर ले लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना ने पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। फर्नांडीज पर उनके कार्यकाल के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बीमा अनुबंध में अनियमितताओं से जुड़े आरोप लगे हैं। संघीय न्यायाधीश सेबेस्टियन कैसानेलो ने कहा कि मामला चलने तक फर्नांडीज हिरासत से बाहर रह सकते हैं। पद छोड़ने के बाद से फर्नांडीज के खिलाफ यह दूसरा मामला है, लेकिन कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा पहला मामला है। साल 2025 की शुरुआत में, उन पर पूर्व प्रथम महिला फैबियोला यानेज के खिलाफ लैंगिक हिंसा के आरोप लगे थे।

### ट्रंप प्रशासन ने जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी की भर्ती प्रक्रिया पर शुरू की नागरिक अधिकारों की जांच

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने गुरुवार को वर्जीनिया की सबसे बड़ी पब्लिक यूनिवर्सिटी जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी के खिलाफ सिविल राइट्स यानी नागरिक अधिकारों की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि यूनिवर्सिटी डाइवर्सिटी (विविधता) को बढ़ावा देने के नाम पर भेदभाव कर रही है। शिक्षा विभाग को कुछ प्रोफेसरों ने शिकायत दी है कि यूनिवर्सिटी ने अल्पसंख्यक या कम प्रतिनिधित्व वाले वर्गों के लोगों को तरजीह दी, जबकि भर्ती में योग्यता को नजरअंदाज किया गया। शिकायत में कहा गया है कि यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट ग्रेगोरी वॉशिंगटन ने भर्ती में डाइवर्सिटी को प्राथमिकता देने की गाइडलाइन जारी की, जिससे योग्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय हुआ।

ट्रंप प्रशासन पहले से ही विविधता, समानता, समावेशन नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है। उनका मानना है कि इन नीतियों से श्वेत और एशियाई अमेरिकी लोगों के साथ भेदभाव होता है। इससे पहले हार्वर्ड और कोलंबिया जैसी प्राइवेट यूनिवर्सिटीज़ पर ध्यान केंद्रित था, लेकिन अब यह अभियान पब्लिक यूनिवर्सिटीज़ तक पहुंच गया है।

### गाजा में भूख से तड़पते लोगों को राहत देने के लिए यूरोप और इस्राइल के बीच नया समझौता

**गाजा, एजेंसी।** गुरुवार को यूरोपीय यूनियन ने इजराइल के साथ गाजा में खाने और ईंधन की आपूर्ति शुरू करने पर समझौता किया है। लेकिन इसी दिन एक इस्राइली हवाई हमले में 10 बच्चों समेत 15 लोगों की मौत हो गई, जो मदद पाने के लिए एक मेडिकल क्लिनिक के बाहर इंतजार कर रहे थे। इस घटना ने पूरी दुनिया में नाराजगी पैदा कर दी है। यूनिसेफ की प्रमुख कैथरीन रसेल ने कहा कि जीवन बचाने वाली मदद पाने की कोशिश कर रहे परिवारों की हत्या अकल्पनीय है। ये महिलाएं अपने बच्चों के लिए राहत की उम्मीद में वहां खड़ी थीं। गाजा के दीर अल बलाह शहर में एक मेडिकल क्लिनिक के बाहर सुरक्षा कैमरे की फुटेज में दिखा कि दर्जनों लोग वहां बैठे थे, तभी पास में एक धमाका हुआ और लोग जमीन पर गिर पड़े। इस्राइली सेना ने दावा किया कि उन्होंने एक आतंकी को निशाना बनाया था, जो क्लिनिक के पास मौजूद था।

### धर्मगुरु दलाई लामा के जन्मदिन पर जर्मनी में उत्सव

**लंदन, एजेंसी।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्मदिन जर्मनी और तिब्बती समुदाय एक साथ मना रहे हैं। फ्रैंकफर्ट में 1,000 से अधिक तिब्बती समारोह में एकत्रित हुए। कार्यक्रम मुख्य अतिथि जर्मन बुंडेस्टाग के सदस्य माइकल ब्रांड और विशिष्ट अतिथि हेस्से के पूर्व मंत्री राष्ट्रपति प्रो. डॉ. एचसी रोलैंड कोच और जिनेवा स्थित तिब्बती ब्यूरो के संयुक्त राष्ट्र अधिवक्ता अधिकारी फुंत्सोक तोपग्याल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के अनुसार, हेसियन राज्य चांसलरी के प्रोटोकॉल अधिकारी, डाइटर बेइन, फ्रेंड्स ऑफ फ्रेंड्स समूह के अध्यक्ष फ्रैंक और उवे बेकर और पूरे जर्मनी में तिब्बती धर्म केंद्रों और तिब्बत समर्थक समूहों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। शुरुआत में भिक्षुओं और समुदाय के सदस्यों द्वारा पारंपरिक प्रार्थनाओं के साथ हुई। तिब्बती संडे स्कूल के बच्चों ने गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान अहिंसा, मानवाधिकारों व धार्मिक सद्भाव के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई।

### नेपाल की संसद भवन में गिरा ड्रोन, कॉलेज के प्रोफेसर और चार छात्र गिरफ्तार

**काठमांडू, एजेंसी।** काठमांडू में गुरुवार को एक बड़ा हादसा तब हुआ जब एक ड्रोन उड़ान भरते हुए नेपाल की संसद भवन परिसर में जा गिरा। इस मामले में एक कॉलेज के प्रोफेसर और चार छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। काठमांडू मेट्रोपॉलिटन पुलिस के प्रवक्ता अपिल बोहरा ने जानकारी दी कि यह ड्रोन मंगलवार को संसद भवन की छत पर मिला, जो एक नो-फ्लाई ज़ोन है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह ड्रोन टेकस्पायर कॉलेज से उड़ाया गया था। इसी कॉलेज के एक शिक्षक और चार छात्र इसे टेस्ट फ्लाइट के तौर पर उड़ा रहे थे। कॉलेज के प्रिंसिपल लक्ष्मण पोखरेल ने बताया कि यह ड्रोन छात्रों की एक शैक्षणिक परियोजना (असाइनमेंट) का हिस्सा था और वे इसका परीक्षण कर रहे थे, लेकिन अचानक ड्रोन से संपर्क टूट गया और वह संसद परिसर में जा गिरा। फिलहाल पुलिस ने सभी पांचों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सेनेगल की नौसेना ने 201 प्रवासियों को पकड़ा

**डाकर, एजेंसी।** सेनेगल की नौसेना ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 201 पश्चिम अफ्रीकी प्रवासियों को गिरफ्तार किया, जो अटलांटिक महासागर के रास्ते यूरोप जाने की कोशिश कर रहे थे। यह कार्रवाई देश के पश्चिमी हिस्से के फाउंडियूग्ने इलाके में की गई। सेनेगल की सेना ने अपने बयान में बताया कि इनमें से 69 लोगों को जमीन पर पकड़ा गया, जबकि 132 लोगों को एक छोटी लकड़ी की नाव (पिरोग) में सलूम डेल्टा के पास मंगलवार शाम को रोका गया। ये सभी अवैध तरीके से स्पेन के कैनरी द्वीप जाने की कोशिश कर रहे थे। हाल के वर्षों में पश्चिम अफ्रीका से स्पेन के कैनरी द्वीप तक का समुद्री रास्ता एक बार फिर लोकप्रिय लेकिन खतरनाक मार्ग बन गया है। 2024 में अब तक करीब 47,000 लोग इस रास्ते से कैनरी द्वीप पहुंचे हैं, जो 2023 के लगभग 40,000 से ज्यादा है।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बस पर हमला

## 9 लोगों की मौत, पहचान करने के बाद गोली मारी



**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान में फिर बड़ा अटैक हुआ है, जिसमें हमलावरों ने 9 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। फिलहाल, स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। खबर है कि हमलावरों ने एक बस को रोका और यात्रियों को उतारकर गोली मार दी थी। बलूचिस्तान के अधिकारी इसे आतंकवादी घटना बता रहे हैं। इस साल मार्च में ही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हाईजैक कर लिया था।

जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कम से कम 9 लोगों की हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि क्वेटा से लाहौर जाने वाली बस में सवार यात्रियों को उतारकर अगवा किया और गोली मार दी। घटना उत्तरी बलूचिस्तान के पास झोब शहर की है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावरों ने बस को रोका, यात्रियों को उतारा और चुनकर पहचान कर 9 लोगों की हत्या कर दी।

झोब पुलिस उपायुक्त नावेद आलम ने कहा कि यात्रियों को वाहनों से अगवा करने के बाद उन्हें गोली मारी गई थी। उन्होंने कहा कि शवों को बलूचिस्तान के बारखान जिले के रेखनी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने घटना की निंदा की और उसे आतंकवादी कृत्य करार दिया है। उन्होंने कहा, आतंकवादियों ने यात्रियों को बस से उतारा, पहचान की और बेरहमी से 9 मासूम पाकिस्तानियों की हत्या कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, एक अधिकारी ने कहा कि हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। फिलहाल, उनकी तलाश जारी है।

मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इसे खुला आतंकवाद बताया और तार फित्ना ए हिन्दुस्तान से जोड़े। बुगती का कहना है कि हमलावरों ने जानबूझकर पाकिस्तानी पहचान के कारण मासूम नागरिकों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा है कि आतंकवादियों ने एक बार फिर अपना डरपोक रवैया दिखाया है। साथ ही कहा है कि मासूमों का खून व्यर्थ नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह देश के खिलाफ युद्ध है और हमारा जवाब मजबूत और निर्णायक होगा। इस बीच चरमपंथियों ने क्वेटा, लोरालाई और मस्तुंग में तीन आतंकवादी हमले भी किए लेकिन बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने दावा किया कि सुरक्षा बलों ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। बलूचिस्तान मीडिया में अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि चरमपंथियों ने रात के दौरान प्रांत में कई जगहों पर हमले किए और सुरक्षा चौकियों, सरकारी प्रतिष्ठानों, थानों, बैंकों और संचार टावरों को निशाना बनाया।

बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार इसे भारत समर्थित हमला बता रही है। सरकार ने इस हमले के पीछे फितना अल-हिंदुस्तान का हाथ होने की बात कही है। पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है। इनमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है।

सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा - यह सिर्फ एक हमला नहीं, निर्दोष पाकिस्तानियों की क्रूर हत्या है। यह फितना अल-हिंदुस्तान की बर्बर सोच का नतीजा है। रिंद ने बताया कि मास्तुंग, कालात और सरदगाई में भी फितना अल-हिंदुस्तान से जुड़े आतंकियों ने हमले किए, लेकिन वहां सुरक्षा बलों ने स्थिति को संभाल लिया। झोब में हमला अंधेरे का फायदा उठाकर किया गया, जिससे हमलावर बच निकले।

इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा।

इस साल जनवरी में भी बलूचिस्तान के तुरबत शहर में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने एक बस में बम ब्लास्ट कर दिया था। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा 25 घायल हुए थे। हमले के बाद बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के एक प्रवक्ता ने वीडियो जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली।

### मवेशियों को मक्खी से खतरा, मैक्सिको से अमेरिका आने पर रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर मैक्सिको से मवेशियों की एंट्री पर रोक लगा दी है। वजह है एक खतरनाक मांस खाने वाला परजीवी, जो पहले से ज्यादा उत्तर की तरफ यानी अमेरिका की सीमा के नज़दीक पहुंच गया है। इस पर मैक्सिको के राष्ट्रपति ने नाराज़गी जताई। साथ ही कहा है कि अमेरिका इस खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। बता दें कि परजीवी का नाम है न्यू वर्ल्ड स्क्रूवॉर्म फ्लाई। यह मक्खी जख्मों पर अंडे देती है, जिनसे ऐसे कीड़े निकलते हैं जो मरे हुए शरीर पर नहीं, बल्कि जिंदा जानवरों के मांस पर पलते हैं। यही बात इसे खतरनाक बनाती है। अमेरिकी अधिकारियों को डर है कि अगर यह मक्खी टेक्सास तक पहुंच गई, तो मवेशी उद्योग को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है, जैसा कि 1970 के दशक में हुआ था। उस समय अमेरिका ने इस मक्खी को खत्म करने के लिए बड़ी संख्या में नपुंसक नर मक्खियां पैदा की थीं, जो मादा मक्खियों से प्रजनन नहीं कर पाती थीं। तब से यह परजीवी केवल पनामा तक सीमित था। लेकिन पिछले साल के अंत में यह दक्षिणी मैक्सिको में फिर पाया गया।

### सिएटल में लोगों ने लिया भारतीय आम का स्वाद

**सिएटल, एजेंसी।** सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के साथ साझेदारी में भारतीय आमों के स्वाद को प्रदर्शित करने वाले एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें लोगों ने आम के व्यंजनों का आनंद लिया।

# इमरान खान को अब पहली पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ का मिला समर्थन

### बेटे भी भड़के, आंदोलन की तैयारी!

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बीते करीब दो सालों से जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अब पहली पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ का समर्थन मिला है। जेमिमा गोल्डस्मिथ को इमरान खान से तलाक लिए भी 21 साल हो चुके हैं, लेकिन जेल में बंद पूर्व पति से बच्चों को न मिलने देने पर जेमिमा ने ऐतराज जताया है। जेमिमा गोल्डस्मिथ और इमरान खान की शादी 1995 में हुई थी और 2004 में दोनों अलग हो गए थे। दोनों के दो बेटे सुलेमान इसा खान और कासिम खान हैं। जेमिमा और इमरान खान के बीच तलाक हो गया तो दोनों बेटे मां के साथ ही रहते हैं। लेकिन इमरान खान से भी वह संपर्क में रहते थे।

वह बीते करीब दो सालों से जेल में बंद हैं तो बेटों को भी पिता की फिक्र हो रही है। यही नहीं उनकी इमरान खान से फोन पर बात तक नहीं हो पा रही है। इसके अलावा पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह के एक बयान पर वह और भड़क गईं, जिसमें बेटों को भी गिरफ्तार करने की बात कही गई। सनाउल्लाह ने कहा था कि यदि इमरान खान के बेटे पाकिस्तान आए और विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया तो उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस पर जेमिमा ने सख्त ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा, मेरे बच्चों को अपने पिता इमरान खान से फोन पर बात करने की अनुमति नहीं है। वह लगभग दो वर्षों से जेल में एकांतवास में हैं।

इसके अलावा इमरान खान के बेटे कासिम खान ने भी एक्स पर एक पोस्ट लिखी है। कासिम खान ने लिखा, मेरे पिता इमरान खान को जेल में बंद हुए 700



साल हो गए हैं। वह एकांतवास में है। उन्हें वकीलों तक से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें परिवार से दूर रख गया है। वह पूरी दुनिया और यहां तक कि अपने बच्चों से भी कट गए हैं। उनके निजी डॉक्टर को भी मिलने नहीं दिया जा रहा। यह न्याय नहीं है। यह एक सोची समझी साजिश है कि कैसे पाकिस्तान में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए खड़े एक शख्स को तोड़ दिया जाए। वह लोकतंत्र के लिए लड़ रहे हैं।

वहीं जेमिमा ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार कहती है कि इमरान खान के बेटे यदि पिता से मिलने आए तो अरेस्ट कर लिया जाएगा। यह कोई लोकतांत्रिक सरकार नहीं है। यह राजनीति भी नहीं है। यह किसी आदमी से बदला लेने वाली बात है। हालांकि राणा सनाउल्लाह अब भी अपनी बात पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई हिंसक आंदोलन को लीड करने के लिए आता है तो उसे अरेस्ट क्यों नहीं किया जाएगा। हिंसा भड़काने की कोशिश हुई तो उसका अंजाम तो भुगतना ही पड़ेगा। इस बीच खबर है कि इमरान के बेटे वॉशिंगटन में पीटीआई के आंदोलन में हिस्सा लेने जाएंगे।

# शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे: चार दिन मिशन आगे बढ़ा

**टेक्सास, एजेंसी।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। एक्सियम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे थे। एक्सियम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था।



हालांकि, यह मिशन 14 दिनों का था। अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी। इससे पहले 6 जुलाई को शुभांशु के आईएसएस स्टेशन से कुछ तस्वीरें सामने आईं थीं। जिसमें शुभांशु कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे थे। कपोला मॉड्यूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं। शुभांशु ने पीएम से कहा था- अंतरिक्ष से कोई सीमा नहीं दिखती प्रधानमंत्री मोदी ने 28 जून को शुभांशु से वीडियो कॉल पर बातचीत की थी। उन्होंने पूछा कि अंतरिक्ष को देखकर उन्हें सबसे पहले क्या महसूस हुआ, तो ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने कहा, अंतरिक्ष से, आपको कोई सीमा नहीं दिखती। पूरी पृथ्वी एकजुट दिखती है।

शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। हम दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया।

**एक्सियम-4 मिशन का हिस्सा हैं शुभांशु शुक्ला :** शुभांशु शुक्ला एक्सियम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जिसकी एक सीट के लिए भारत ने 548 करोड़ रुपए चुकाए हैं। यह एक प्राइवेट स्पेस फ्लाइट मिशन है, जो अमेरिकी स्पेस कंपनी एक्सियम, नासा और स्पेसएक्स की साझेदारी से हो रहा है। यह कंपनी अपने स्पेसक्राफ्ट में निजी अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस भेजती है।

शुभांशु आईएसएस में इंडियन एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स के 7 प्रयोग करेंगे। इनमें ज्यादातर बायोलॉजिकल स्टडीज हैं। वे नासा के साथ 5 अन्य प्रयोग करेंगे, जिसमें लंबे अंतरिक्ष मिशन के लिए डेटा जुटाएंगे। इस मिशन में किए गए प्रयोग भारत के गगनयान मिशन को मजबूत करेंगे।41 साल बाद कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में गया अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। शुभांशु का ये अनुभव भारत के गगनयान मिशन में काम आएगा। ये भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसका उद्देश्य भारतीय गगनयात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और सुरक्षित रूप से वापस लाना है। इसके 2027 में लॉन्च होने की संभावना है।

# ट्रंप के 35 फीसदी टैरिफ के एलान पर प्रधानमंत्री कार्नी का पलटवार, कहा- अपने व्यवसायों की रक्षा करते रहेंगे

### ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नाम लिखे पत्र में कहा कि अगर कनाडा जवाबी कार्रवाई करता है, तो टैरिफ में और वृद्धि हो सकती है

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा से आने वाले सामानों पर 35त्न टैरिफ लगाए जाने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अपने व्यापार और व्यवसायों की मजबूती से रक्षा करती रहेगी।

प्रधानमंत्री कार्नी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कनाडा ने उत्तर अमेरिका में फेंटानिल की समस्या को रोकने की दिशा में अहम प्रगति की है और वह अमेरिका के साथ मिलकर दोनों देशों के लोगों की जान बचाने और समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ताओं के दौरान कनाडाई सरकार ने अपने श्रमिकों और व्यवसायों के हितों की दृढ़ता से रक्षा करती रहेगी। हम 1 अगस्त की संशोधित समयसीमा तक इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगे। कनाडा ने उत्तर अमेरिका में फैले फेंटेनाइल जैसे घातक नशे के संकट को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हम अमेरिका के साथ मिलकर जीवन बचाने और दोनों देशों के समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, हम एक सशक्त कनाडा का निर्माण कर रहे हैं। केंद्र सरकार, प्रांतों और क्षेत्रों के साथ मिलकर एक एकीकृत कनाडाई



अर्थव्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है। हम राष्ट्रीय हित में कई बड़े नए प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए तैयार हैं। साथ ही, हम दुनियाभर में अपने व्यापारिक साझेदारियों को भी लगातार मजबूत कर रहे हैं।

इससे पहले गुरुवार (10 जुलाई) को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को एक पत्र लिखकर नई टैरिफ दरों की जानकारी दी थी। ट्रंप ने घोषणा की है कि 1 अगस्त से कनाडा से होने वाले सभी आयातों पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने इसे कनाडा की ओर से फेंटेनाइल ड्रग की सप्लाई कम करने में नाकामी का नतीजा बताया है।ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नाम लिखे पत्र में कहा कि अगर कनाडा जवाबी कार्रवाई करता है, तो टैरिफ में और वृद्धि हो सकती है। पत्र को उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा किया है। हालांकि, बातचीत की गुंजाइश रखते हुए उन्होंने कहा कि अगर कनाडा फेंटानिल की तस्करी रोकने में मदद करता है, तो शायद हम इस पत्र में बदलाव पर विचार कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि दोनों देशों के रिश्तों के आधार पर टैरिफ को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे साक्ष्यों के बावजूद आई है जो दर्शाते हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका में तस्करी की जाने वाली फेंटानिल की अधिकांश मात्रा कनाडा के साथ उत्तरी सीमा से नहीं, बल्कि मैक्सिको के साथ दक्षिणी सीमा से प्रवेश करती है। ट्रंप ने हाल के दिनों में ट्रेड युद्ध का दायरा बढ़ाते हुए कई देशों पर नए टैरिफ लगाए हैं। कनाडा के अलावा, ट्रंप ने हाल ही में जापान और दक्षिण कोरिया पर भी नए टैरिफ लगाए हैं। इसके साथ ही आयातित तांबे पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। गुरुवार को एनबीसी न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में ट्रंप ने संकेत दिया कि जल्द ही दूसरे देशों को भी 15 से 20 प्रतिशत तक के व्यापक टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है।

# अमेरिकी विदेश विभाग में छंटनी की तैयारी, जल्द जारी होंगे कर्मचारियों को नोटिस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का विदेश विभाग भी छंटनी की तैयारी कर रहा है। विदेश विभाग ने अपने कर्मचारियों को कहा है कि वे जल्द ही छंटनी के लिए नोटिस जारी करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से ही वे संघीय सरकार के आकार को कम करने में जुटे हैं। इसके तहत कई सरकारी विभागों से छंटनी की गई हैं। सरकारी दक्षता विभाग के नेतृत्व में संघीय सरकार में छंटनी अभियान चलाया गया और सैंकड़ों लोगों को अब तक नौकरी से निकाला जा चुका है।

**सुप्रीम कोर्ट ने भी दी छंटनी की मंजूरी :** अमेरिका में संघीय सरकार में छंटनी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी छंटनी जारी रखने के पक्ष में फैसला दिया था। अमेरिकी विदेश विभाग के उप-सचिव माइकल रिग्स ने कहा कि जिन कर्मचारियों की छंटनी की



जाएगी, उन्हें जल्द ही इसकी सूचना दे दी जाएगी। अभी तक ये साफ नहीं है कि विदेश विभाग से कितने लोगों को नौकरी से हटाया जाएगा। विदेश विभाग ने मई में कांग्रेस को छंटनी और पुनर्गठन की जानकारी दे दी थी। विदेश विभाग ने ये भी कहा कि जो कार्यक्रम पूर्व की सरकार द्वारा चलाए जा रहे थे, उनमें कटौती की जाएगी। **आलोचक बोले- इस कदम से अमेरिकी प्रभाव कम होगा**

सरकार के इस कदम के आलोचकों का कहना है कि प्रस्तावित कटौती से वैश्विक स्तर पर अमेरिकी प्रभाव कम होगा और कई विभागों के लिए अपने मिशनों को पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग अफगानिस्तान में अमेरिका की दो दशक की भागीदारी की निगरानी करने वाले कुछ विभागों को समाप्त करने की योजना बना रहा है, इसमें अमेरिकी सेना के साथ काम करने वाले अफगान नागरिकों के पुनर्वास पर काम करने वाला एक कार्यालय भी शामिल है। साथ ही शरणार्थियों और आव्रजन से जुड़े कार्यक्रमों के साथ-साथ मानवाधिकारों और लोकतंत्र को बढ़ावा देने वाले कई कार्यक्रमों को भी समाप्त करने की योजना है।

अमेरिकी विदेश सेवा संघ, जो राजनयिकों का प्रतिनिधित्व करता है, ने पिछले महीने विदेश विभाग से नौकरियों में कटौती नहीं करने का आग्रह किया था। संघ के अध्यक्ष टॉम याज्दगेरदी ने कहा कि इससे न सिर्फ कर्मचारियों की छंटनी होगी, बल्कि कई पद भी पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे। इस कदम से विदेश सेवा को बाधित करने से राष्ट्रीय हित खतरे में पड़ सकते हैं और दुनिया भर के अमेरिकियों को इसके परिणाम भुगतने होंगे।

# पीएम नेतन्याहू अमेरिका दौरे के अंत में बोले - हम 60 दिन की संघर्षविराम योजना पर कर रहे काम

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस समय अमेरिका दौरे पर हैं और गुरुवार को उन्होंने दो इस्राइली दूतावास कर्मचारियों की याद में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। उनका यह दौरा 4 दिनों का था, जिसमें उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, व्हाइट हाउस अधिकारियों और सांसदों से मुलाकात की। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य था गाजा में 21 महीने से जारी युद्ध को रोकने के लिए संघर्षविराम का कोई रास्ता निकालना। अमेरिका चाहता है कि इज़रायल और हमास के बीच 60 दिन का युद्धविराम हो, जिससे स्थायी शांति की राह खुल सके।नेतन्याहू ने गुरुवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि वे इस अमेरिका-समर्थित समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि यह एक अस्थायी समझौता होगा और इसका मकसद होगा गाज़ा में बचे हुए अंतिम 50 बंधकों को रिहा कराना। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संघर्षविराम तभी हो सकता है जब हमास अपने हथियार डाल दे और उसकी शासन व सैन्य ताकत खत्म हो जाए। नेतन्याहू ने कहा, ये हमारे बुनियादी शर्तें हैं।



### अनिश्चितकालीन छुट्टी पर अटलांटा यूनाइटेड के प्रेसिडेंट और सीईओ गार्थ लेगरवे

**अटलांटा, एजेंसी।** अटलांटा यूनाइटेड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गार्थ लेगरवे कैंसर का इलाज करा रहे हैं और इसी कारण उन्होंने अनिश्चितकाल के लिए छुट्टी ले ली है। क्लब ने गुरुवार को यह जानकारी दी और बताया कि उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है, जो एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि, उनकी वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। क्लब के मालिक और चेयरमैन आर्थर एम. ब्लैंक ने एक बयान में कहा, गार्थ की मजबूत इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच उन्हें एक बेहतरीन लीडर बनाती है। हमें पूरा भरोसा है कि वे इस मुश्किल समय को भी मजबूती से पार करेंगे।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक

गौतमबुद्धनगर
रविवार 13 जुलाई 2025
Www.vishalindia.in

# केएल राहुल ऐतिहासिक क्लब में शामिल, लॉर्ड्स में लगाया दूसरा शतक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड, जिसे 'क्रिकेट का मक्का' कहा जाता है, हर क्रिकेटर के लिए बेहद खास माना जाता है। यहां का ऑनर्स बोर्ड खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की गवाही देता है और इस पर नाम दर्ज कराना किसी भी बल्लेबाज या गेंदबाज के करियर की बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। बल्लेबाजों के लिए इसका मानदंड शतक बनाना होता है, जबकि गेंदबाजों को पारी में 5 या मैच में 10 विकेट लेने होते हैं। भारत के इतिहास में अब तक सिर्फ 10 बल्लेबाज ऐसे हुए हैं जिन्होंने लॉर्ड्स में टेस्ट शतक जड़कर अपना नाम इस प्रतिष्ठित बोर्ड पर दर्ज कराया है।

दिलचस्प बात यह है कि इस सूची में न तो सचिन तेंदुलकर जैसे 'क्रिकेट के भगवान' का नाम है और न ही मौजूदा दौर के स्टार विराट कोहली का। दोनों ही बल्लेबाज दुनिया भर में अपने बेहतरीन रिकॉर्ड के लिए मशहूर हैं, लेकिन लॉर्ड्स में शतक बनाना उनके लिए भी सपना ही रह गया। वहीं मौजूदा भारतीय टेस्ट टीम में केएल राहुल ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने लॉर्ड्स में पहले टेस्ट शतक लगा चुके है। इस दौरे पर दूसरा टेस्ट शतक लगाकर विशेष सूची में शामिल हो गए हैं। केएल राहुल दिलीप वेंगसरकर के बाद लॉर्ड्स में एक से अधिक टेस्ट शतक बनाने वाले केवल दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। वेंगसरकर ने लॉर्ड्स में सबसे ज्यादा तीन शतक जड़े हैं और यह रिकॉर्ड उनके शानदार करियर की खास पहचान है।

लॉर्ड्स में शतक लगाने वाले अन्य भारतीयों में अजीत अगरकर, मोहम्मद अजहरुद्दीन, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, वीनू मांकड़, अजिंक्य रहाणे, रवि शास्त्री और गुंडप्पा विश्वनाथ शामिल हैं। ये सभी दिग्गज खिलाड़ी अपने-अपने दौर में इस ऐतिहासिक मैदान पर शतक बनाकर भारतीय क्रिकेट को गौरवान्वित कर चुके हैं।




# विंबलडन 2025: टेलर फ्रिट्ज को हराकर फाइनल में पहुंचे कार्लोस अल्काराज

**लंदन (एजेंसी)।** कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को चार सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

स्पेन के कार्लोस अल्काराज को पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रिट्ज ने कड़ी टक्कर दी। लेकिन, अंत में अल्काराज ने मैच अपने नाम कर लिया। हार के साथ ही फ्रिट्ज का विंबलडन फाइनल खेलने का सपना टूट गया। 2009 में एंडी रोडिक आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी थे, जो इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे।

दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराया। यह उनकी लगातार 24वीं जीत है। पहला सेट अल्काराज ने जीता, और दूसरा सेट फ्रिट्ज ने जीतकर बराबरी की कोशिश की। लेकिन, तीसरा सेट जीतकर अल्काराज ने फिर से बढ़त बना ली। चौथा सेट सबसे रोमांचक साबित हुआ, जिसका समापन टाई-ब्रेक में हुआ, जहां फ्रिट्ज ने 6/4 की बढ़त बना ली। दो सेट पॉइंट के बाद निर्णायक सेट हुआ। लेकिन, अल्काराज ने अपने दृढ़ निश्चय और प्रतिभा से दोनों सेट पॉइंट बचा लिए।



अल्काराज ने लगातार चार अंक हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। विंबलडन 2025 में पुरुष सिंगल्स का फाइनल रविवार को होगा। अल्काराज का फाइनल में टॉप सीड यानिक सिनर और 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच में से किसी एक से सामना होगा। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल खेला जाना है।अल्काराज एक बेहद खास क्लब में शामिल होने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। अगर वह रविवार को फाइनल जीत जाते हैं, तो वह इतिहास के सिर्फ पांचवें ऐसे व्यक्ति होंगे, जो लगातार तीन विंबलडन खिताब अपने नाम करेंगे। वहीं, अगर अल्काराज जीतते हैं, तो यह उनका छठा ग्रैंड स्लैम खिताब होगा।

# 'पिछले इंग्लैंड दौरे पर मिली सीख से लिया सबक', बुमराह ने बताया लॉर्ड्स में कैसे मिले पांच विकेट

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट लिए। बुमराह इसका श्रेय इंग्लैंड के पिछले दौरे को देते हैं, जिससे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला।

जसप्रीत बुमराह तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन शानदार फॉर्म में नजर आए। उन्होंने पहले सेशन में बेन स्टोक्स (44), जो रूट (104) और क्रिस वोक्स (0) को आउट किया। इसके अलावा भारतीय तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड के लिए अर्धशतक जड़ने वाले ब्रायडन कार्स को चलता किया, जिससे पहले वह जोफ्रा आर्चर को पवेलियन भेज चुके थे। इसके साथ ही लॉर्ड्स के 'ऑनर्स बोर्ड' पर जसप्रीत बुमराह का नाम भी दर्ज हुआ। अपने शानदार प्रदर्शन को लेकर जसप्रीत बुमराह ने कहा, 'पिछले दौरे में मैंने यहां मौजूद 'ढलान' के बारे में बहुत सोचा था, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं हुआ। इस बार मैंने वह बात दिमाग से निकाल दी, जिसका मुझे फायदा भी मिला। गर्म मौसम की इन परिस्थितियों में नई गेंद ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना ही सबसे अहम है। पिछली बार ऐसा नहीं हुआ था, यही सबसे बड़ा अंतर रहा।'

बुमराह ने लॉर्ड्स के 'ऑनर्स बोर्ड' पर अपना नाम दर्ज होने को लेकर खुशी जताई है। बुमराह ने



बताया कि यह एक ऐसी याद है, जिसे वह अपने बेटे के साथ साझा करना चाहेंगे। जसप्रीत बुमराह ने मुस्कराते हुए कहा, ''सच यह है कि मैं थक गया था। मैं 21 साल की तरह उछल-कूद नहीं कर सकता हूं। मुझे इस बात की खुशी है कि मैं टीम के लिए योगदान दे पाया। ऑनर्स बोर्ड पर नाम देखकर अच्छा लगता है। यह एक ऐसी बात है, जो मैं अपने बेटे को बताऊंगा, जब वह बड़ा होगा।'

जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 27 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 74 रन देकर पांच विकेट चटकाए। इंग्लैंड की टीम 387 रन पर ऑलआउट हुई।इसके बाद भारत ने बल्लेबाजी करते हुए दूसरे दिन की समाप्ति तक तीन विकेट खोकर 145 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल 13, शुभमन गिल 16 रन, जबकि करुण नायर 40 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद केएल राहुल ने टीम को संभाला। यह सलामी बल्लेबाज 53 रन बना चुका है, जबकि ऋषभ पंत 19 रन बनाकर नाबाद हैं।

# इटली और नीदरलैंड ने किया पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई






**हेंग (स्विट्जरलैंड) (एजेंसी)।** हेग में खेले गए यूरोप रीजनल फाइनल के रोमांचक अंत में इटली ने इतिहास रच दिया। इटली ने आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हालांकि वे अपना आखिरी ग्रुप मैच मेज़बान नीदरलैंड से हार गए, लेकिन उनका नेट रन रेट जर्सी से बेहतर था, जिसकी वजह से वो अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट के लिए आगे बढ़ गए। नीदरलैंड ने भी इटली का लक्ष्य 16.2 ओवर में हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली।

### हार के बावजूद इटली ने टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

नेट रन-रेट समीकरण में जर्सी से आगे रहने के लिए इटली को केवल एक बड़ी हार से बचने की जरूरत थी, उन्होंने नीदरलैंड के पीछा के 15वें ओवर के दौरान यह सुनिश्चित किया कि वे योग्यता रेखा पार करें। हालांकि डच ने अंततः आठ विकेट से जीत हासिल की, लेकिन मैच को गहराई तक खींचने का इटली का सोचा-समझा प्रयास निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले, इटली ने बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना लेकिन शुरुआती झटके खाए। सलामी बल्लेबाज जस्टिन मोस्का और एमिलियो गे तीन ओवर के अंदर आउट हो गए, इसके बाद सातवें ओवर में कप्तान जो बर्न्स भी आउट हो गए। आधे समय तक स्कोरबोर्ड पर 46/4 पढ़ने के साथ, पारी ढहती हुई लग रही थी। हालांकि, ग्रांट स्टीवर्ट और एंथनी मोस्का के समर्थन से बेन मैनेंटी के एक साहसी प्रयास ने इटली को 134/7 तक पहुंचा दिया। यह पहली बार होगा जब इटली किसी सीनियर पुरुष आईसीसी विश्व कप प्रतियोगिता में भाग लेगा।

### नीदरलैंड 2026 की लाइन-अप में इटली के साथ शामिल

नीदरलैंड्स, जो पूरे क्वालीफायर में पहले से ही लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, ने अपने विश्व कप योग्यता के बारे में कोई संदेह नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने पीछा के दौरान पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 66 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ'डॉव और माइकल लेविट ने 71 रनों की साझेदारी की, इससे पहले कि लेविट 34 रन बनाकर आउट हो गए। ओ'डॉव ने फिर कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के साथ मिलकर काम आसानी से पूरा किया, क्योंकि डच ने 22 गेंद शेष रहते जीत हासिल की। इसके साथ ही नीदरलैंड्स ने इटली के साथ 2026 टी20 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। जर्सी के लिए, दिन में पहले स्कॉटलैंड पर उनकी आखिरी गेंद पर जीत पर्याप्त नहीं थी, क्योंकि उनका नेट रन-रेट कम रहा। अब 2026 टूर्नामेंट के लिए पंद्रह टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमें- अफ़गानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, इटली, नीदरलैंड

# टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बने जो रूट, राहुल द्रविड़ को पछाड़ा

नई दिल्ली । लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज़ और फील्डर जो रूट ने भारत के खिलाफ खेलते हुए एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। भारत की पारी के दौरान करुण नायर का एक शानदार कैच स्लिप में लपकते ही रूट टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा आउटफील्ड कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए। इस कैच के साथ रूट के नाम अब 211 टेस्ट कैच हो गए हैं, जिससे उन्होंने भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज़ राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। द्रविड़ के नाम 210 कैच दर्ज हैं और वे अब इस सूची में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन का यह कैच तब आया जब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने करुण नायर को शॉर्ट लेंथ गेंद फेंकी, जिस पर नायर असहज दिखे और गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर स्लिप की दिशा में गई। पहली स्लिप में खड़े रूट ने एक हाथ से शानदार कैच लपक लिया। हालांकि तीसरे अंपायर ने इसे बारिकी से जांचा, लेकिन अंत में कैच को वैध करार दिया गया। यह कैच न सिर्फ मैच में अहम था बल्कि रूट के करियर के लिए भी ऐतिहासिक बन गया। जो रूट ने केवल फील्डिंग में ही नहीं बल्कि बल्लेबाज़ी में भी कमाल किया है। लॉर्ड्स टेस्ट में उन्होंने अपना 37वां टेस्ट शतक भी जमाया। इस उपलब्धि के साथ वह टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक शतक लगाने वालों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। उनसे आगे केवल सचिन तेंदुलकर (51 शतक), जैक्स कैलिस (45), रिकी पोंटिंग (41) और कुमार संगकारा (38) हैं।

# मोहम्मद सिराज ने डिओगो जोटा को अनोखे अंदाज में दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली । भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी कामयाबी का जश्न बेहद खास अंदाज में मनाकर पुर्तगाल के दिवंगत फुटबॉलर डिओगो जोटा को श्रद्धांजलि दी। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे दिन के दूसरे सेशन में सिराज ने जैसे ही जेमी स्मिथ का विकेट लिया, उन्होंने सीने पर हाथ रखा, फिर '20' नंबर का इशारा किया और दोनों हाथ आसमान की ओर उठाकर श्रद्धांजलि दी। यह इशारा जोटा की जर्सी के नंबर की ओर था। लिवरपूल और पुर्तगाल के स्टार फॉरवर्ड डिओगो जोटा की पिछले सप्ताह एक दर्दनाक कार हादसे में मौत हो गई थी, जिससे फुटबॉल दुनिया सदमे में है।

सिराज के इस जेस्चर ने लॉर्ड्स के मैदान पर भावनात्मक पल बना दिया। भारत के लिए सिराज ने दूसरे दिन सुबह के सत्र में मौके बनाए थे, लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया और उनके स्पेल में कई बार कैच टपके। इसका फायदा उठाकर इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी को 387 रन तक पहुंचाया। हालांकि दूसरे सेशन में सिराज ने जेमी स्मिथ (51) को ध्रुव जुरेल के हाथों कैच करवा कर अपना पहला विकेट लिया और जश्न मनाते हुए जोटा को याद किया। इसके बाद सिराज ने इंग्लैंड की पारी का आखिरी विकेट भी लिया, ब्राइडन कार्स को 56 रन पर पवेलियन भेजकर उनकी पारी का अंत किया। भारतीय गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने भी कमाल दिखाया और 74 रन देकर 5 विकेट लिए। लॉर्ड्स के ऑनर बोर्ड पर उनका नाम एक बार फिर दर्ज हो गया। उनके इस शानदार स्पेल ने भारत को इंग्लैंड को 400 रन के भीतर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

डिओगो जोटा लिवरपूल के सबसे अहम खिलाड़ियों में गिने जाते थे और पुर्तगाल की फुटबॉल प्रतिभाओं में उनका नाम चमकता था। जोटा अपने भाई आंद्रे सिल्वा के साथ स्पेन में एक कार दुर्घटना का शिकार हो गए।

# एमएलसी 2025: टेक्सास सुपर किंग्स को सात विकेट से रौंदकर फाइनल में एमआई न्यूयॉर्क

**डलास (एजेंसी)।** एमआई न्यूयॉर्क ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने शनिवार को क्वालीफायर-2 में टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ सात विकेट से दमदार जीत दर्ज की। अब खिताबी मैच में एमआई न्यूयॉर्क का सामना वाशिंगटन फ्रीडम से होगा। यह मैच 14 जुलाई को खेला जाना है।

डलास में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टेक्सास सुपर किंग्स ने पांच विकेट खोकर 166 रन बनाए। टीम ने 29 के स्कोर पर समित पटेल (9) के रूप में अपना अहम विकेट गंवा दिया। इसके बाद कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने मोर्चा संभाला, लेकिन दूसरे छोर पर कोई बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सका।

फाफ डु प्लेसिस जिस समय आउट हुए, उस वक्त तक टीम 85 रन बना सकी थी, जिसमें 59 रन कप्तान के ही थे। फाफ डु प्लेसिस ने अपनी इस पारी में 42 गेंदों का सामना करते हुए एक छक्का और सात चौके जड़े।



टीम 85 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। यहां से अकील हुसैन ने डेवोन फेरीरा के साथ छठे विकेट के लिए 81 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया।

अकील हुसैन 32 गेंदों में 55 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी इस पारी में चार छक्के और इतने ही चौके शामिल रहे। वहीं, फेरीरा ने 20 गेंदों में 32 रन की नाबाद पारी खेली।

विपक्षी टीम की ओर से ट्रिस्टन लुस ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके, जबकि रुशिल उगरकर ने दो विकेट चटकाए।

इसके जवाब में एमआई न्यूयॉर्क ने एक ओवर शेष रहते जीत दर्ज कर ली। सलामी बल्लेबाज मोनांक पटेल ने 39 गेंदों में दो छक्कों और पांच चौकों की मदद से 49 रन की पारी खेली। मोनांक 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुए, उस समय टीम का स्कोर 83/3 था।

यहां से कप्तान निकोलस पूरन ने किरोन पोलार्ड के साथ मिलकर 89 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत दिलाई।

निकोलस पूरन ने 36 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाए। उनकी इस पारी में तीन छक्के और चार चौके शामिल रहे, जबकि पोलार्ड ने 22 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों के साथ ताबड़तोड़ 47 रन जड़े।

विपक्षी टीम की ओर से अकील हुसैन, जिया-उल-हक और नूर अहमद को एक-एक विकेट हाथ लगा।

# लिवरपूल क्लब ने दिवंगत डियोगो जोटा के सम्मान में नंबर 20 की जर्सी हमेशा के लिए रिटायर की






लिवरपूल । इंग्लिश फुटबॉल क्लब लिवरपूल ने अपने स्टार फॉरवर्ड डियोगो जोटा के सम्मान में 'नंबर 20' जर्सी को हमेशा के लिए रिटायर करने का फैसला किया है। 28 वर्षीय पुर्तगाली खिलाड़ी डियोगो जोटा का तीन जुलाई को स्पेन के जमोरा प्रांत में एक दर्दनाक कार हादसे में निधन हो गया। हादसे में उनके भाई आंद्रे सिल्वा की भी मौत हुई। स्पेनिश पुलिस के मुताबिक, तेज रफ्तार में गाड़ी का टायर फटने से वह सड़क से उतर गई और उसमें आग लग गई। इस हादसे ने फुटबॉल जगत को गहरे शोक में डाल दिया। लिवरपूल ने अपने बयान में कहा कि जोटा ने नंबर 20 की जर्सी गर्व से पहनकर क्लब को कई अहम जीत दिलाई और वह हमेशा हमारे 'नंबर 20' रहेंगे। क्लब ने कहा कि यह कदम बीते पांच वर्षों में जोटा के मैदान पर शानदार प्रदर्शन और उनके साथियों व प्रशंसकों पर पड़े उनके गहरे प्रभाव को सम्मान देने के लिए उठाया गया है। एफएसजी फुटबॉल के सीईओ माइकल एडवर्ड्स ने कहा कि यह निर्णय क्लब और समर्थकों की साझा भावनाओं से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि इस फैसले की जानकारी सबसे पहले जोटा की पत्नी रूट और उनके परिवार को दी गई, ताकि वे खुद को क्लब के इस सम्मानजनक निर्णय का हिस्सा महसूस कर सकें। एडवर्ड्स ने कहा कि यह लिवरपूल के इतिहास में पहली बार है जब किसी खिलाड़ी की जर्सी संख्या को हमेशा के लिए रिटायर किया जा रहा है और यह एक अनोखे खिलाड़ी के प्रति अनूठी श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि जोटा ने 2020 में लिवरपूल से जुड़ने के बाद नंबर 20 जर्सी को सम्मान और प्रतिष्ठा के साथ पहना और क्लब के लिए यह नंबर हमेशा उनका ही रहेगा। डियोगो जोटा ने लिवरपूल के साथ प्रीमियर लीग, एफए कप और दो ईएफएल कप सहित कई प्रमुख खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2020 में वॉल्व्स से लिवरपूल में शामिल हुए थे और अपनी आक्रामक शैली और गोल करने की क्षमता से प्रशंसकों के पसंदीदा बन गए थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने पुर्तगाल की ओर से 49 मैचों में 14 गोल किए और 2019 व 2025 में यूईएफए नेशंस लीग खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने पुर्तगाल के साथ नेशंस लीग खिताब जीतकर जश्न मनाया था। जोटा के अचानक निधन ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि फुटबॉल जगत को भी गहरे सदमे में डाल दिया है और लिवरपूल का यह कदम उन्हें कभी न भूलने वाली श्रद्धांजलि है।

# 'जैसे लोग कहते हैं कि लॉर्ड्स क्रिकेट का घर है, वैसे ही विंबलडन टेनिस का मक्का है': सचिन तेंदुलकर

**लंदन (एजेंसी)।** विंबलडन 2025 में सचिन तेंदुलकर ने विंबलडन में जाने के अपने अनुभव, टेनिस के दिग्गजों के प्रति अपनी प्रशंसा और क्रिकेट तथा टेनिस के बीच आश्चर्यजनक समानताओं को साझा किया। अपने जीवन में विंबलडन के महत्व पर सचिन ने कहा, 'यह अविश्वसनीय है। जैसे लोग कहते हैं कि लॉर्ड्स क्रिकेट का घर है, वैसे ही यह टेनिस का मक्का है। मैं विंबलडन देखते हुए बड़ा हुआ हूं, और सात-आठ साल की उम्र से ही, जब मैंने टेनिस को थोड़ा-बहुत समझना शुरू किया, तब से मेरे लिए हमेशा विंबलडन सबसे पहले और फिर बाकी ग्रैंड स्लैम ही रहे हैं। इसलिए मेरे लिए, यह सर्वश्रेष्ठ है। मैंने कई टेनिस खिलाड़ियों से बात की है, और वे सभी इस टूर्नामेंट को सबसे ऊपर मानते हैं।'

सचिन ने विंबलडन के प्रतिष्ठित माहौल और उसके आकर्षण पर कहा, 'मुझे रॉयल बॉक्स खास तौर पर बहुत पसंद है-वहां का माहौल बेजोड़ है। बैठकर मैच देखने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है। लेकिन मैचों के अलावा, आप इतने सारे लोगों से मिलते हैं और कई तरह की बातचीत करते हैं।

फैशन की बात करें तो यहां कई फैशन आइकन, हॉलीवुड सितारे, फुटबॉल खिलाड़ी और एथलीट मौजूद रहते हैं। यहां आना हमेशा एक सुखद अनुभव होता है क्योंकि आपको जिंदगी की कई नई चीजों से रूबरू कराया जाता है। और मेरे लिए, सीखना कभी बंद नहीं होता-मैं अभी भी सीख रहा हूं।'

अपने पसंदीदा टेनिस खिलाड़ियों, भूतपूर्व और वर्तमान, के बारे में सचिन ने कहा, ÷मैं जॉन मैकेनरो का प्रशंसक रहा हूं। मुझे याद है कि मेरे सभी दोस्त ब्योर्न बोर्ग का समर्थन करते थे, लेकिन किसी कारण से, मैं हमेशा मैकेनरो का समर्थन करता था। मैं उनकी तरह हेडबैंड भी पहनता था, इस उम्मीद में कि जब मैं अपने दोस्तों के साथ घूमूं तो लोग मुझे मैकेनरो कहेंगे।

सचिन ने कहा, 'हालांकि, हाल के वर्षों में, यह रोजर फेडरर ही है। मुझे राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच, सभी को खेलते हुए देखना अच्छा लगता है, लेकिन किसी न किसी तरह, रोजर सबसे आगे हैं। वर्तमान खिलाड़ियों में, कार्लोस अल्काराज मुझे सचमुच प्रभावित करते हैं-उनकी ऊर्जा संक्रामक है। मुझे उनके पैरों में स्फूर्ति, उनका रवैया और फ्रेंच ओपन में दिखाई गई मानसिक दृढ़ता बहुत पसंद है। कभी हार न मानने वाली मानसिकता ही एक सच्चे चैंपियन की पहचान है।

सभी टेनिस खिलाड़ी चैंपियन नहीं बनते, लेकिन वे जिस तैयारी और कड़ी मेहनत से गुजरते हैं-उसका मेरे मन में बहुत सम्मान है।' उच्च स्तरीय क्रिकेट और टेनिस के बीच समानताओं पर सचिन ने कहा,'अगर मुझे समानताओं की बात करनी हो, तो मुख्य तत्व हैं हाथ-आंखों का समन्वय, गेंद की समझ, खेल के प्रति जागरूकता और विरोधियों से एक कदम आगे रहना। खास तौर पर, फुटवर्क बहुत महत्वपूर्ण है।

क्रिकेट में, खासकर जब आप बल्लेबाजी कर रहे हों, तो समन्वित फुटवर्क मायने रखता है-और टेनिस में भी यही बात लागू होती है। लोग अक्सर सोचते हैं कि विकेटों के बीच दौड़ना बस एक सीधी दौड़ है, लेकिन असल में यह इस बारे में है कि आप कितनी तेजी से रुक सकते हैं, मुड़ सकते हैं और फिर से तेजी पकड़ सकते हैं। टेनिस खिलाड़ी भी इसी तरह एक-दूसरे को असंतुलित या गलत पैर से पकड़ने की कोशिश करते हैं। यह कोर्ट पर तेज, सहज गति के बारे में है। तभी आप अपने शॉट खेलने और आक्रमण करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में होते हैं। ये वो तत्व हैं जो मुझे दोनों में समान लगते हैं।'

डबल्स पार्टनर के रूप में वह किस क्रिकेटर को चुनेंगे इस पर सचिन ने कहा, 'मैंने पहले युवराज सिंह के साथ डबल्स खेला है। हमने 2003 विश्व कप के अपने कुछ साथियों के खिलाफ टीम बनाई थी, और हम चैंपियन बने थे। इसलिए मैं फिर से युवराज को चुनूंगा - इसमें कोई शक नहीं।'

सचिन ने अपनी प्लेइंग इलेवन के लिए टेनिस खिलाड़ी चुनने पर कहा, 'क्रिकेट से जुड़े होने के कारण रोजर फेडरर ही होंगे-उनकी



मां दक्षिण अफ्रीकी हैं। लेकिन रोजर के अलावा, लिएंडर पेस, महेश भूपति, रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा भी हैं, जिन्होंने यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय निश्चित रूप से क्रिकेट को पसंद करते हैं, और इन खिलाड़ियों ने भारतीय टेनिस के लिए जो किया है वह अद्भुत है। इसलिए कहने की जरूरत नहीं कि वे हमेशा प्रबल दावेदार रहेंगे।

# लॉर्ड्स टेस्ट में धीमी ओवर गति पर भड़के माइकल वॉन

**– बोले सिर्फ जुर्माना काफी नहीं, पांचों दिन पूरे हों 90 ओवर**

लंदन । लॉर्ड्स के मैदान पर भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति ने विवाद खड़ा कर दिया है। टेस्ट के दूसरे दिन सिर्फ 75 ओवर ही फेंके जा सके, जबकि पहले दिन 83 ओवर ही कराए गए थे। इस तरह दोनों दिनों में कुल करीब 23 ओवर कम रह गए। इसे लेकर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कड़ी नाराजगी जताई है। वॉन ने कहा है कि सिर्फ जुर्माना लगाने से कुछ नहीं होगा, बल्कि नियम ऐसा होना चाहिए कि टेस्ट मैच के सभी पांचों दिन में 90 ओवर का कोटा हर हाल में पूरा किया जाए। एक मीडिया चैनल से बातचीत में माइकल वॉन ने कहा कि जुर्माना खिलाड़ियों को रोकने का असरदार तरीका नहीं है क्योंकि आज के क्रिकेटर काफी अमीर हैं और उन पर थोड़े–बहुत फाइन का कोई असर नहीं होता।

# वॉकहार्ट ने अमेरिकी जेनेरिक कारोबार से हटने का फैसला किया

**- कंपनी को वित्त वर्ष 2024-25 में उसे लगभग 80 लाख डॉलर का नुकसान हुआ**

**नई दिल्ली ।**

मुंबई स्थित दवा कंपनी वॉकहार्ट ने अमेरिकी जेनेरिक दवाओं के कारोबार से बाहर निकलने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा कि उसका यह कदम एक नवाचार-संचालित दवा उद्यम के रूप में खुद को पुनः स्थापित करने की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। वॉकहार्ट अब एंटीबायोटिक्स और जैविक दवाओं, खासकर मधुमेह के इलाज में उपयोगी इंसुलिन जैसे उत्पादों के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी ने एक बयान में बताया कि अमेरिकी जेनेरिक कारोबार पिछले कई वर्षों से घाटे में चल रहा था और वित्त वर्ष 2024-25 में उसे लगभग 80 लाख डॉलर का नुकसान हुआ। इस घाटे और व्यापक रणनीतिक समीक्षा के बाद, कंपनी ने अमेरिकी बाजार से पूरी तरह हटने का निर्णय लिया है। इसके तहत वॉकहार्ट ने अमेरिकी दिवाला कानून के तहत अपनी दो अमेरिकी अनुषंगी कंपनियों मॉर्टन ग्रोव फार्मास्युटिकल्स और वॉकहार्ट यूएसए एलएलसी को स्वैच्छिक परिसमापन में डाल दिया है। वॉकहार्ट का मानना है कि यह निर्णय उसके अनुसंधान और नवाचार के एजेंडे को सशक्त बनाएगा। कंपनी का फोकस अब वैश्विक स्तर पर नई एंटीबायोटिक दवाओं की खोज और मधुमेह के इलाज में आधुनिक जैविक दवाओं के विकास पर रहेगा। हालांकि कंपनी अमेरिकी जेनेरिक कारोबार से हट रही है, लेकिन उसने स्पष्ट किया है कि वह भारत, ब्रिटेन, आयरलैंड और अन्य क्षेत्रों में अपने मजबूत संचालन को जारी रखेगी और वहां के व्यवसायों को और सशक्त बनाएगी।

# रिफंड्स में तेज़ी से घटा प्रत्यक्ष कर संग्रह

**- 2025 की पहली तिमाही में सिर्फ 5.63 लाख करोड़ रहा**

**नई दिल्ली ।**

वित्त वर्ष 2025 की शुरुआत में केंद्र सरकार को प्रत्यक्ष कर संग्रह के मोर्चे पर झटका लगा है। 10 जुलाई तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन) 1.3 फीसदी घटकर 5.63 लाख करोड़ रह गया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में कम है।

इस गिरावट की मुख्य वजह टैक्स रिफंड्स में तेज़ी रही। इस साल अब तक आयकर विभाग ने 1.02 लाख करोड़ रुपए रिफंड जारी किए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 38 फीसदी अधिक है। रिफंड से पहले सकल कर संग्रह (ग्रोस टैक्स कलेक्शन) 3.17 फीसदी बढ़कर 6.65 लाख करोड़ रुपए रहा, लेकिन रिफंड की अधिकता के कारण नेट कलेक्शन प्रभावित हुआ। कॉरपोरेट टैक्स संग्रह में 3.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जबकि कुछ हिस्सों में 9.42 फीसदी की ग्रॉस वृद्धि देखी गई।

विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनियों के पूंजीगत खर्च में वृद्धि के कारण डिप्रिसिएशन क्लेम ज़्यादा हुआ, जिससे टैक्स देनदारी घटी। गैर-कॉरपोरेट करदाताओं – जैसे व्यक्तिगत आयकरदाता, हिंदू अविभाजित परिवार, फर्म आदि से संग्रह भी मामूली 0.04 फीसदी घटा है। इस श्रेणी में रिफंड राशि 12,114 करोड़ रही, जो सालाना आधार पर 27 फीसदी कम है। एकमात्र उजली तस्वीर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन की रही, जिसमें 7.46 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 17,874 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। विशेषज्ञों का मानना है कि नया आयकर स्लैब ढांचा, जिसमें ज्यादा छूटें हैं, और रिफंड नीतियों की वजह से सरकार की टैक्स आमदनी में गिरावट आई है। सरकार के लिए यह संकेत है कि राजस्व नीति में संतुलन जरूरी है, ताकि राहत देने के साथ-साथ स्थायी आय सुनिश्चित की जा सके।

# अगले हफ्ते खुल रहे हैं 3 नए म्युचुअल फंड, जानिए निवेश का पूरा प्लान

**- फंड 14 जुलाई से लेकर 20 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुले रहेंगे**

**नई दिल्ली ।**

अगले सप्ताह निवेशकों के लिए म्युचुअल फंड की तीन नई योजनाएं बाजार में आ रही हैं। ये फंड 14 जुलाई से लेकर 20 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे और विभिन्न निवेश उद्देश्यों व जोखिम स्तरों के अनुसार डिज़ाइन किए गए हैं। इसमें शामिल हैं- निप्पॉन इंडिया निफ्टी 1डी रेट लिक्विड ईटीएफ, कैपिटलमाइंड फ्लेक्सी कैप फंड, और ग्रो बीएसई पावर ईटीएफ। निप्पॉन इंडिया निफ्टी 1डी रेट लिक्विड ईटीएफ एक ओपन-एंडेड डेट स्कीम है, जो 16 जुलाई से 18 जुलाई तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुली रहेगी। इसमें निवेश की शुरुआत 1,000 रुपए से की जा सकती है। यह स्कीम बिना लॉक-इन अवधि और एग्जिट लोड के आती है। इस फंड का उद्देश्य सरकारी प्रतिभूतियों, ट्रेजरी बिल्स और रेपो साधनों में निवेश कर कम जोखिम के साथ उच्च तरलता और नियमित आय देना है। यह स्कीम लो रिस्क कैटेगरी में आती है। कैपिटलमाइंड फ्लेक्सी कैप फंड, एक ओपन-एंडेड इक्विटी फंड है, जो 18 जुलाई से 28 जुलाई 2025 तक खुला रहेगा। इसमें निवेश की न्यूनतम राशि 5,000 रुपए है। इस योजना में लॉक-इन तो नहीं है, लेकिन 12 महीने के भीतर निकासी करने पर एक फीसदी का एग्जिट लोड लगेगा। यह फंड लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश कर लॉन्ग टर्म में पूंजी वृद्धि का लक्ष्य रखता है। इसे हाई रिस्क स्कीम के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ग्रो बीएसई पावर ईटीएफ एक थीमैटिक ओपन-




एंडेड इक्विटी फंड है, जो विशेष रूप से पावर सेक्टर में निवेश करेगा। यह फंड 18 जुलाई से 1 अगस्त तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा और इसमें न्यूनतम 500 रुपए से निवेश संभव है। यह स्कीम बहुत अधिक जोखिम वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जो थीमैटिक सेक्टर ग्रोथ में विश्वास रखते हैं। निवेशक अपनी वित्तीय योजना, लक्ष्य और जोखिम झेलने की क्षमता के अनुसार इनमें से उपयुक्त फंड चुन सकते हैं।

# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

**देश में पेट्रोल-डीजल के दामों में मिला-जुला असर**




**नई दिल्ली।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। बीते 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर 69.13 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 67.13 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। इस उछाल का असर घरेलू ईंधन बाजार पर भी पड़ा है। पेट्रोलियम कंपनियों ने 8 जुलाई को पेट्रोल-डीजल के नए दाम जारी किए हैं, जिनमें राज्यों के हिसाब से भिन्नता देखने को मिली है। उत्तर प्रदेश और बिहार में पेट्रोल-डीजल के भावों में बदलाव हुआ है। यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 8 पैसे महंगा होकर 94.85 रुपये प्रति लीटर हो गया है, वहीं डीजल 9 पैसे की बढ़त के साथ 87.98 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। इसके विपरीत गाजियाबाद में पेट्रोल 96 पैसे सस्ता होकर 94.44 रुपये और डीजल 1.09 रुपये घटकर 87.51 रुपये प्रति लीटर पर आ गया है। बिहार की राजधानी पटना में राहत की खबर है। यहां पेट्रोल की कीमत 18 पैसे घटकर 105.23 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीजल 17 पैसे की गिरावट के साथ 91.49 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें अगले कुछ दिनों में और बदल सकती हैं, जिसका सीधा असर भारत में ईंधन दरों पर पड़ेगा। आम जनता को फिलहाल थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन आगे की स्थिति अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करेगी।

# पुराने एसी बदलने पर सस्ती दरों पर मिलेगा नया 5-स्टार एसी

**- बिजली की खपत कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा**



**नई दिल्ली ।**

ऊर्जा मंत्रालय जल्द ही एक नई योजना शुरू करने जा रहा है, जिसका उद्देश्य 10 साल से पुराने एयर कंडीशनर (एसी) को हटाकर ऊर्जा कुशल 5-स्टार रेटिंग वाले नए एसी को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बाजार मूल्य से कम दर पर नया एसी खरीदने का अवसर मिलेगा। इससे देश में बिजली की खपत कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। सरकार पुराने एसी के बदले सब्सिडी देने की योजना बना रही है। इसके लिए उपभोक्ता अपने पुराने एसी को अधिकृत ई-वेस्ट मैनेजमेंट पार्टनर या बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के पास जमा कर सकेंगे। बदले में उन्हें नए एसी पर छूट मिलेगी। यह मॉडल उजाला योजना जैसा होगा, जिसमें एलईडी बल्बों की भारी मात्रा में बिक्री की गई थी। एक अन्य प्रस्ताव के तहत कंपनियों को पुराने एसी के बदले उपभोक्ताओं को बेहतर स्क्रैप वैल्यू देने को कहा जाएगा। इसके लिए सरकार कंपनियों को इंसेंटिव भी दे सकती है। उपभोक्ता इस वैल्यू का उपयोग रिटेल स्टोर से नया एसी खरीदने में कर सकेंगे। भारत में फिलहाल करीब 5 करोड़ एसी ऐसे हैं जो 10 साल से ज्यादा पुराने हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इन्हें बदलने से ऊर्जा दक्षता में 10 फीसदी तक सुधार होगा। हालांकि, इससे नए एसी की कीमत में 5-7 फीसदी तक वृद्धि हो सकती है। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी अब हर दो साल में स्टार रेटिंग और एफिशिएंसी मानकों को अपडेट करने पर विचार कर रहा है। अगला संशोधन 2026 और फिर 2028 में प्रस्तावित है। सरकार और उद्योग जगत के बीच इस योजना को लेकर लगातार बैठकें चल रही हैं।

## ‘एक्स’ ने भारत में सदस्यता शुल्क में की बड़ी कटौती

**नई दिल्ली ।** सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ ने भारत में अपने खाते की सदस्यता शुल्क में भारी कमी की है। कंपनी ने मोबाइल ऐप पर ‘प्रीमियम’ खाते का मासिक शुल्क 900 रुपए से घटाकर लगभग 470 रुपए कर दिया है, जो लगभग 48 प्रतिशत की कटौती है। वेबसाइट पर ‘प्रीमियम’ सेवा का शुल्क 650 से घटाकर 427 रुपए किया गया है। सामान्य ग्राहक के लिए मासिक शुल्क 243.75 रुपए से कम होकर 170 रुपए हो गया है, जबकि वार्षिक शुल्क 2,590.48 से घटाकर 1,700 कर दिया गया है। ‘प्रीमियम प्लस’ सदस्यता का मोबाइल संस्करण 3,470 से घटाकर 2,570 रुपये पर उपलब्ध है। इन बदलावों का उद्देश्य भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए सदस्यता सेवाओं को अधिक किफायती बनाना बताया गया है। ‘एक्स’ में प्रीमियम ग्राहकों को उनके नाम या आईडी के बगल में एक ‘चेकमार्क’ मिलता है, जो उनकी पहचान को विशेष बनाता है। कंपनी ने यह जानकारी अपने पोर्टल और सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से साझा की है।



## भारत में निवेश के लिए सऊदी कंपनियों को नड्डा का आमंत्रण

**नई दिल्ली ।** सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर गए केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे. पी. नड्डा ने शनिवार को सऊदी कंपनियों से भारत में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उनके साथ भारतीय उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी मौजूद थे। यात्रा के दौरान नड्डा ने सऊदी-भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन अब्दुलअजीज अल कहतानी से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने सऊदी अरब के पूर्वी प्रांत दम्मम में व्यापारिक समुदाय से भी संवाद किया और भारत में रसायन, उर्वरक और पेट्रोकेमिकल जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्री ने सऊदी कंपनियों को भारत में मौजूद व्यापक अवसरों के बारे में जानकारी दी और उन्हें साझेदारी के लिए आगे आने को प्रोत्साहित किया।

## गिफ्ट सिटी से भारतीय विमानन उद्योग को सालाना मिलेंगे 5 अरब डॉलर

**मुंबई ।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा है कि गुजरात स्थित गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी) के माध्यम से भारत में विमानों को पट्टे पर लेने की प्रक्रिया न केवल आसान हुई है, बल्कि इससे विमानन उद्योग को हर साल लगभग 5 अरब डॉलर तक का लाभ मिलने की संभावना है। गांधीनगर में स्थित गिफ्ट सिटी को विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के रूप में विकसित किया गया है, जो विमान पट्टे की प्रक्रिया को कर लाभ और नियामकीय छूट के जरिए सरल बनाता है। इस क्षेत्र में पंजीकृत पट्टादाताओं को विमान आयात या पट्टे पर लेने के लिए पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती, जिससे प्रक्रिया तेज और लागत प्रभावी हो गई है। नायडू ने पश्चिमी क्षेत्रीय विमानन मंत्रियों के सम्मेलन में कहा कि गिफ्ट सिटी की स्थापना के बाद, विमान पट्टे की लागत में 10 से 15 प्रतिशत की कमी देखी गई है, जिससे एयरलाइंस को बेड़े विस्तार में मदद मिल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत के 80 प्रतिशत वाणिज्यिक विमान पट्टे पर हैं, जिससे गिफ्ट सिटी की भूमिका और भी अहम हो जाती है।

## आईफोन 17 के उत्पादन पर नहीं पड़ेगा असर

**फॉक्सकॉन से चीनी इंजीनियरों की वापसी के बाद सरकार सतर्क**

**नई दिल्ली।** एप्पल के प्रमुख विनिर्माण साझेदार फॉक्सकॉन के भारत स्थित संयंत्रों से सैकड़ों चीनी प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के लौटने के बाद संभावित उत्पादन व्यवधान की अटकलों के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है और एप्पल के पास विकल्प मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार फॉक्सकॉन के तमिलनाडु संयंत्र में कार्यरत ये इंजीनियर असेंबली लाइन, फैक्टरी डिजाइन और मशीनों के संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने जैसे कार्यों में माहिर थे। हालांकि, सरकार और उद्योग सूत्रों का मानना है कि इससे आईफोन 17 के उत्पादन पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। एप्पल सितंबर में इस नई श्रंखला को लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। सरकार ने कहा है कि कंपनियों को चीनी कर्मचारियों के वीज़ा में सुविधा दी गई है, लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उत्पादन में कोई बाधा न आए। उद्योग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एप्पल भारत में अपना उत्पादन तेजी से बढ़ा रहा है। कंपनी 2024-25 में आईफोन का उत्पादन बढ़ाकर लगभग 6 करोड़ यूनिट तक पहुंचाने की योजना पर काम कर रही है, जो वर्तमान में 3.5-4 करोड़ के आसपास है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भी इस उत्पादन में सहयोग कर रही है।



# अनिश्चितता के कारण शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट रही

**- सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट का दौर जारी रहा। इस सप्ताह निवेशकों के मन में अमेरिका की टैरिफ योजना को लेकर बनी अनिश्चितता, अर्निंग सीजन की निराशाजनक शुरुआत और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में हो रही देरी ने बाजार में अस्थिरता पैदा कर दी। इन कारणों से प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। साप्ताहिक कारोबार के दौरान सोमवार को सेंसेक्स 170 अंक गिरकर 83,262 के स्तर पर खुला, हालांकि कारोबार के अंत तक इसमें मामूली सुधार हुआ और यह 83,442 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 53 अंक गिरकर 25,407 पर खुला और बाद में थोड़ा ऊपर 25,461 पर बंद हुआ। मंगलवार को भी दोनों सूचकांक गिरावट में खुले लेकिन दिन के अंत में सेंसेक्स 270 अंक की बढ़त के साथ 83,712 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 61 अंक की बढ़त लेकर 25,522 पर पहुंचा। बुधवार को वैश्विक बाजार के मिले-जुले रुख और टैरिफ अनिश्चितता के कारण बाजार में सतर्कता रही। सेंसेक्स शुरुआत में बढ़त के बावजूद अंत में 176 अंक गिरकर 83,536 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी भी 46 अंक नीचे 25,476 पर बंद हुआ। गुरुवार को हल्की गिरावट के साथ शुरुआत हुई और सेंसेक्स 345 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 83,190 पर बंद हुआ। निफ्टी भी




120 अंक नीचे 25,355 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बाजार में भारी दबाव रहा। सेंसेक्स 689 अंक गिरकर 82,500 के स्तर पर बंद हुआ, जो 0.83 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। निफ्टी भी 205 अंक की गिरावट के साथ 25,149 पर बंद हुआ। कुल मिलाकर इस सप्ताह बाजार में निवेशकों की बेचैनी और सतर्कता देखने को मिली, जिसका कारण वैश्विक व्यापार अस्थिरता और घरेलू आर्थिक संकेतकों की कमजोर स्थिति रही। निवेशकों के लिए फिलहाल सतर्क रहना और आर्थिक नीतियों पर नजर बनाए रखना जरूरी है।

## डिविडेंड से कमाई के मामले में शिव नादर नंबर वन

**प्रेमजी को पीछे छोड़ा, एक साल में कमाए 9,906 करोड़ रुपए**



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025 में एचसीएल टेक्नोलॉजीज के प्रवर्तक शिव नादर भारत के सबसे बड़े लाभांश अर्जित करने वाले कारोबारी बनकर उभरे। नादर परिवार को इस वर्ष 9,906 करोड़ रुपए का लाभांश मिला, जो पिछले साल की तुलना में अधिक है। इससे उन्होंने विप्रो के अजीम प्रेमजी को पछाड़ दिया, जिनकी लाभांश आय 50 फीसदी घटकर 4,570 करोड़ रुपए रह गई। एचसीएल टेक ने वर्ष 2025 में 16,290 करोड़ रुपए का लाभांश दिया, जिसमें नादर परिवार की हिस्सेदारी 60.82 फीसदी रही। वहीं, विप्रो ने इस वर्ष कोई शेयर पुनर्खरीद नहीं की, जिससे प्रेमजी परिवार की कुल आय प्रभावित हुई। दूसरे स्थान पर वेदांत समूह के अनिल अग्रवाल रहे, जिन्होंने 9,600 करोड़ रुपए कमाए। इसके बाद क्रमशः मुकेश अंबानी (3,655 करोड़), एस्टर डीएम हेल्थकेयर के एम ए मूपन (2,574 करोड़) और भारती एयरटेल के सुनील मित्तल (2,357 करोड़) रहे। इन्फोसिस के प्रवर्तकों की आय 2,327 करोड़ रुपए रही, जबकि सन फार्मा के दिलीप सांघवी परिवार को 2,091 करोड़ रुपए का लाभांश मिला। बजाज समूह के नीरज बजाज परिवार की आय 1,645 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वर्ष से कम है। गौतम अदाणी परिवार 1,460 करोड़ रुपए के लाभांश के साथ शीर्ष 10 में शामिल हुआ, जिसमें सबसे अधिक 996 करोड़ रुपए अदाणी पोर्ट्स से प्राप्त हुए। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि शेयरधारिता और कंपनी की नीति लाभांश आय को किस प्रकार प्रभावित करती है।

# भारत का स्वर्ण भंडार इस सप्ताह में 34.2 करोड़ डॉलर बढ़ा

**-आरबीआई ने जारी किए आंकड़े, विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर पर**

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक के नए साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक देश का स्वर्ण भंडार इस सप्ताह में 34.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.846 अरब डॉलर हो गया है। सोने के साथ-साथ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास विशेष आहरण अधिकार भी 3.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.868 अरब डॉलर हो गया है। इसके अलावा आंकड़ों के मुताबिक आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार भी 10.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.735 अरब डॉलर हो गया। भंडार में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब घरेलू और वैश्विक सर्राफा बाजारों में भारी तेजी देखी जा रही है। आरबीआई ने कहा कि 4 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर रहा। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, कुल मुद्रा भंडार 4.849 अरब डॉलर बढ़कर 702.784 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 के आखिर में यह भंडार 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर



पहुंच गया था। डॉलर के संदर्भ में, विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। शुक्रवार को भारत में सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया और चांदी की कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 24 कैरेट सोने की कीमत 465 रुपए बढ़कर 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जो एक दिन पहले 97,046 रुपए थी। 22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 89,320 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने की कीमत 73,133 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। इस बीच आखिरी कारोबारी दिन के पिछले 24 घंटों में चांदी की कीमतों में 2,356 रुपए की बढ़ोतरी हुई और चांदी ने 1,10,290 रुपए प्रति किलोग्राम का नया रिकॉर्ड बनाया गया। चांदी ने 18 जून को दर्ज 1,09,550 रुपए के पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर को तोड़ दिया।

वैश्विक स्तर पर भी कीमती धातुओं में तेजी देखी गई। सोना 1.01 फीसदी बढ़कर 3,358 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.92 फीसदी बढ़कर 38.40 डॉलर प्रति औंस हो गई। विश्लेषक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार शुल्कों को लेकर नई चिंताओं को सोने जैसी सुरक्षित निवेश परिसंपत्तियों की ओर रुझान का मुख्य कारण बता रहे हैं।

## डीडीए की नई हाउसिंग स्कीम, दिल्ली में 177 नए फ्लैट होंगे उपलब्ध



**नई दिल्ली ।** दिल्लीवासियों के लिए राहत की खबर है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने राजधानी में प्रीमियम हाउसिंग स्कीम 2025 को मंजूरी दे दी है। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की अध्यक्षता में हाल ही में हुई बैठक में इस योजना को हरी झंडी मिली। योजना के तहत वसंत कुंज, द्वारका, रोहिणी, पीतमपुरा, जसोला और अशोक पहाड़ी जैसे प्रमुख इलाकों में कुल 177 फ्लैट और 67 कार/स्कूटर गैराज ई-नीलामी के माध्यम से बेचे जाएंगे। इस योजना में उच्च आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग और निम्न आय वर्ग के लिए आवास उपलब्ध होंगे। यह पहल राजधानी में बढ़ती आवासीय मांग को देखते हुए की गई है। फ्लैट्स के साथ गैराज की बिक्री भी ऑनलाइन नीलामी के जरिए होगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक





# दादा की बायोपिक के लिए राजकुमार राव हुए फाइनल

भारतीय क्रिकेट के 'प्रिंस ऑफ कोलकाता' कहे जाने वाले सौरव गांगुली का आज यानी 8 जुलाई को जन्मदिन है। उनका जन्म 1972 में कोलकाता, पश्चिम बंगाल में हुआ था। भारतीय क्रिकेट को नई आक्रामकता देने वाले गांगुली न सिर्फ शानदार बल्लेबाज रहे हैं, बल्कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को नेतृत्व के उस मुकाम पर पहुंचाया, जहां से टीम इंडिया ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब, दादा के चाहने वालों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी है। लंबे समय से अटकी पड़ी सौरव गांगुली की बायोपिक को लेकर अब तस्वीर साफ हो गई है। नायक के किरदार को लेकर चली आ रही अटकलों पर अब खुद गांगुली ने विराम लगा दिया है। पश्चिम बंगाल के बर्धमान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सौरव गांगुली ने पुष्टि की कि उनकी बायोपिक में राजकुमार राव मुख्य भूमिका निभाएंगे।

## राजकुमार राव निभाएंगे सौरव गांगुली का किरदार

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का नाम अब सौरव गांगुली की बायोपिक के लिए लगभग फाइनल हो चुका है। खुद दादा ने ही राजकुमार राव के नाम का ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया है कि फिलहाल राजकुमार के पास डेट्स ना होने के चलते फिल्म अगले साल तक ही स्क्रीन पर रिलीज हो सकेगी। गांगुली ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मेरे हिसाब से राजकुमार राव मेरी भूमिका निभाएंगे... लेकिन डेट्स की दिक्कतें हैं, इसलिए फिल्म को रिलीज होने में एक साल से ज्यादा लग सकता है।

## अब तक किन-किन एक्टर्स के आए नाम?

आपको बता दें सौरव गांगुली की बायोपिक फिल्म के लिए रणबीर कपूर और आयुष्मान खुराना जैसे स्टार्स के नाम चर्चा में थे, लेकिन फाइनल चयन राजकुमार राव का हुआ। रणबीर कपूर के पास डेट्स नहीं थीं और आयुष्मान खुराना भी किसी वजह से फिल्म नहीं कर सकते। अब राजकुमार राव अब क्रिकेट की पिच पर बल्ला नहीं, लेकिन अभिनय का कमाल दिखाएंगे। गौरतलब है कि कपिल देव की 83 और एम एस धोनी की बायोपिक फिल्म के बाद सौरव गांगुली तीसरे ऐसे भारतीय क्रिकेटर हैं जिनकी बायोपिक बनने जा रही हैं।

## विक्रमादित्य मोटवानी करेंगे निर्देशन

इस बायोपिक का निर्देशन करेंगे विक्रमादित्य मोटवानी और स्क्रिप्ट लिख रहे हैं अभय कोराणे। फिल्म की शुरुआती तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स ने सौरव गांगुली से कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में मुलाकात भी की है।



# सबके लिए लग्जरी नियम नहीं होते, हेल्दी लाइफ के लिए काम के घंटे तय होने चाहिए

ज्यादातर स्टार किड्स को उनके माता-पिता के नाम से जाना जाता है, लेकिन श्रिया पिलगांवकर ने इंडस्ट्री में अपनी जगह खुद बनाई है। हालांकि उनके माता-पिता सचिन पिलगांवकर और सुप्रिया पिलगांवकर इंडस्ट्री में बड़ा नाम हैं, लेकिन श्रेया ने कभी इसे सफलता की गारंटी नहीं माना।

**आप ज्यादातर थ्रिलर जॉनर के प्रोजेक्ट्स में काम करती आई हैं, क्या आपको थ्रिलर जॉनर ही पसंद है या इंडस्ट्री में आपको ऐसे ही ऑफर मिलते रहे हैं?**

श्रिया पिलगांवकर बोलीं- दरअसल, मुझे रोमांटिक लव स्टोरीज से बहुत प्यार है, लेकिन बतौर एक्ट्रेस मुझे ज्यादातर थ्रिलर ऑफर हुई हैं, तो मैं क्या करूं। मैं बहुत चाहती हूं कि रोम-कॉम करूं, लव स्टोरीज करूं, मैं कुछ कॉमेडी करना चाहती हूं, पर उसे करने का ज्यादा मौका मिला नहीं है। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री का एक दौर होता है, जब किसी जॉनर को ज्यादा महत्व दिया जाता है, तो मुझे लगता है कि रोम-कॉम, कॉमेडी से ज्यादा अभी थ्रिलर, ड्रामा अधिक बन रहे हैं। लेकिन मैं खुश हूं कि मुझे जिस तरह अलग-अलग किरदार करने का मौका मिला है, चाहे वो वकील का हो, सेक्स वर्कर को हो या फिर पुलिस अधिकारी का हो, उससे बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है।

**आपने जितने भी किरदार किए हैं, उसमें एक मजबूत महिला रही हैं। निजी जिंदगी में आप कितनी मजबूत हैं?**

कुछ दिन होते हैं, जब मैं बहुत मजबूत महसूस करती हूं, कुछ दिन होते हैं जब मैं स्ट्रॉन्ग महसूस नहीं करती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि ताकत उसी में है कि आप अपनी कमियां और ताकत दोनों को अपनाएं। बिल्कुल मेरी एक इमोशनल स्ट्रेंथ है, जहां मुझे लगता है कि मैं मजबूत हूं और मुझमें आत्मविश्वास है। लेकिन हर इंसान हमेशा ऐसा नहीं हो पाता। बतौर एक्टर मुझे लगता है कि हम कभी-कभी एक शब्द से ही किरदार को डिफाइन कर देते हैं, जबकि उन किरदारों में और भी बहुत कुछ होता है, जिसे एक शब्द से परिभाषित नहीं किया जा सकता।

**आजकल फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के घंटे कितने हों इसकी काफी बात हो रही है। दीपिका पादुकोण की वजह से ये मुद्दा अभी उठा है लेकिन पहले भी इस पर बात होती रही है। आपका इस बारे में क्या सोचना है?**

दरअसल, दीपिका वाले मामले में जिस वजह से वो कहा गया था, वो एकदम अलग मामला है। मुझे लगता है कि हमारे यहां पर काम के घंटे को लेकर बने नियम उतने सख्ती से फॉलो नहीं किए जाते, जितने किए जाने चाहिए। मैं अभी तक उस मुकाम पर नहीं पहुंची हूं, जहां मैं कह सकूं कि मैं इतने घंटे काम करूंगी या इतने घंटे नहीं करूंगी। लेकिन इतना मैं समझती हूं कि खासतौर पर पोस्ट डिलिवरी और मां होने पर उन पलों को जीने के लिए ये जरूरी है कि आप उतना वक्त निकालें। यहां सही वाला जवाब नहीं है, लेकिन हेल्दी और प्रोफेशनल लाइफ में एक समय सीमा तय होना जरूरी है। हमारी इंडस्ट्री में इसको लेकर कोई नियम कायदे नहीं हैं और सच कहूं तो मुझे नहीं लगता कि ऐसा कुछ हो भी पाएगा। आप किस स्तर के स्टार हैं, ये उस चीज पर निर्भर करता है। सबके लिए लग्जरी नियम नहीं होते। मुझे लगता है कि दीपिका पादुकोण ने जो कहा है वो गलत नहीं है। उनकी जिंदगी में क्या स्थिति और जरूरत है, उनकी बेटी हुई है, उसके हिसाब से ये ठीक है।

**आपकी वेब सीरीज छल कपट के बारे में बताएं?**

ये एक मर्डर मिस्ट्री जॉनर की वेब सीरीज है। मैं निजी तौर पर बचपन से ही इस जॉनर को काफी पसंद करती हूं। मैं पहली बार एक पुलिस अधिकारी का रोल अदा कर रही हूं। और जब आप वो वर्दी पहनते हैं, तो एक अलग तरह की जिम्मेदारी का अहसास होता है, आपको एक शक्ति फील होती है। मुझे इसे करने में बहुत मजा आया क्योंकि ये जो कहानी है, इसमें दिखाया गया है कि शादी के घर में मर्डर हुआ है, उसमें दोस्तों की भी कहानी है, उनके बीच तनाव की भी कहानी है, और उसी समय में मेरी देविका राठौड़ की कहानी भी दिखती है।



# आंखों की गुस्ताखियां में इंटीमेट सीन को लेकर विक्रांत-शनाया का खुलासा

शनाया कपूर और विक्रांत मैसी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में एक साथ नजर आने वाले हैं। इस रोमांटिक ड्रामा में शनाया एक थिएटर कलाकार और विक्रांत एक दृष्टिहीन संगीतकार की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर में दोनों के बीच गहरा भावनात्मक जुड़ाव दिखाया गया है, जिसने दर्शकों का ध्यान खींचा है। वहीं फिल्म में इंटीमेट सीन को लेकर दोनों ने बातचीत की।

## आपसी विश्वास जरूरी

फिल्मीज्ञान के साथ बातचीत के दौरान शनाया और विक्रांत ने बताया इंटीमेट सीन की शूटिंग के लिए आपसी विश्वास बहुत जरूरी था। विक्रांत ने कहा कि एक्टिंग वर्कशॉप और ब्लाइंड स्कूल के अनुभवों के अलावा, एक-दूसरे को व्यक्तिगत रूप से समझने से उनकी केमिस्ट्री बेहतर हुई। शनाया ने भी कहा कि उनका ऑफ-स्क्रीन रिश्ता ऑन-स्क्रीन बॉन्डिंग के लिए महत्वपूर्ण था। विक्रांत ने आगे बताया कि दोनों का एक जैसा नजरिया और कला के प्रति जुनून ने उन्हें करीब लाया। चूंकि दृश्यों में आंखों पर पट्टी बंधी थी, इसलिए एक-दूसरे पर भरोसा करना जरूरी था।

## फिल्म कब होगी रिलीज

फिल्म आंखों की गुस्ताखियां का निर्देशन संतोष सिंह ने किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का मानसी बागला, वरुण बागला और विपिन अग्निहोत्री ने मिलकर निर्माण किया गया है। विक्रांत मैसी पहले भी कई शानदार फिल्मों में नजर आ चुके हैं। शनाया की यह पहली बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है। शनाया एक्टर संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी हैं।

# प्रज्ञा जायसवाल के समर्थन में गौहर खान ने उठाई आवाज



सिनेमाई दुनिया में हम अक्सर देखते हैं कि पैपराजी सितारों के सार्वजनिक पलों को कैद करते हैं। इस बार अभिनेत्री गौहर खान पैप्स पर भड़क गई हैं, क्योंकि उन्होंने एक्ट्रेस प्रज्ञा जायसवाल पर भद्दे तरीके से कमेंट्स किए थे। इसी मामले पर गौहर खान ने प्रज्ञा का समर्थन किया है। चलिए जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा। अभिनेत्री गौहर खान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें एक्ट्रेस प्रज्ञा जायसवाल को पैप्स द्वारा भद्दे कमेंटस मिले। इसी वीडियो को लेकर अब गौहर खान ने एक्ट्रेस का समर्थन करते हुए स्टोरी के कैप्शन में लिखा, 'क्या पैप्स छेड़छाड़ की संस्कृति को बढ़ावा नहीं दे रहे हैं? ऐसे बहुत से लोग हैं जो लगातार अभद्र टिप्पणियां करते रहते हैं। आप लोग सीमाएं पार नहीं कर सकते हैं।'

## क्या है पूरा मामला?

आपको बताते चलें कि प्रज्ञा जायसवाल बीते दिनों जायद खान के जन्मदिन में शामिल होने पहुंची थीं, जिसमें उन्होंने ब्लैक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहन रखी थी। पैपराजी से फोटोज क्लिक कराने के बाद जैसी ही वो वापस जाने लगीं, तो पैप्स उन्हें अभद्र तरीके से बुलाते हैं। इस वजह से एक्ट्रेस गुस्सा भी हो जाती हैं। वीडियो ने सभी को हैरान कर दिया।



# साइको सइयां का मेरे करियर में बड़ा योगदान

सिंगर ध्वनि भानुशाली के सॉन्ग 'साइको सइयां' को रिलीज हुए छह साल पूरे हो चुके हैं। ध्वनि ने 'साहो' के गाने से जुड़ी अपनी यादें ताजी की और बताया कि यह उनके करियर में खास महत्व रखता है। ध्वनि भानुशाली ने बताया कि इस गाने के लिए उन्होंने खास तरीके से प्रैक्टिस की थी और तेलुगू, तमिल के साथ मलयालम में हर शब्द को सावधानी से उच्चारण करना सीखा। ध्वनि ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह 'साइको सइयां' पर डांस करती नजर आईं।

यह गाना साल 2019 में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'साहो' का है, जिसमें प्रभास, श्रद्धा कपूर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ, अरुण विजय और नील नितिन मुकेश जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुजीत ने किया था। ध्वनि ने कैप्शन में लिखा, आज 'साइको सइयां' सॉन्ग के छह साल पूरे हो चुके हैं। मुझे आज भी याद है, जब यह सब शुरू हुआ था। मैंने 'वास्ते' गाना रिलीज किया था और गोवा में दोस्तों के साथ थी, तभी मुझे फोन आया कि 'साइको सइयां' को तीन और भाषाओं, तेलुगू, तमिल और मलयालम में गाना है। उन्होंने बताया कि वह उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़ी नर्वस भी थीं, लेकिन उनकी टीम ने उनका हौसला बढ़ाया। इस गाने के लिए ध्वनि ने संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर के साथ काम किया और हर भाषा में शब्दों का सही उच्चारण सीखा। शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकात प्रभास और श्रद्धा कपूर से हुई। ध्वनि ने बताया, कई लोगों ने मुझसे कहा कि मेरी आवाज श्रद्धा के लिए एकदम सही थी। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। ध्वनि ने इस गाने को करियर का पहला बड़ा कदम बताया, जिसने उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और प्रशंसकों के करीब लाया। उन्होंने गायक सचेत टंडन के साथ मिलकर बनाए इस गाने को प्यार देने के लिए फैंस का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा, जब मैं अपने शोज में या सोशल मीडिया पर फैंस को इस गाने पर गाते-नाचते देखती हूं, तो मुझे संगीत की ताकत का एहसास होता है।





# थिएटर अब पॉपकॉर्न बेचने का अड्डा, आज सिनेमा सिर्फ ट्रेंड पर चल रहा है

**फिल्ममेकर नागेश कुकुनूर एक सच्ची घटना पर आधारित वेब सीरीज 'द हंट - द राजीव गांधी असैसिनेशन केस' लेकर आए हैं। यह सीरीज अनिरुद्ध मित्रा की किताब 'नाइंटी डेज- द ट्रू स्टोरी ऑफ द हंट फॉर राजीव गांधी असैसिन्स' पर आधारित है। अमर उजाला से बातचीत में नागेश कुकुनूर ने इस वेब सीरीज को लेकर और सिनेमाघरों में दम तोड़ती कहानियों व ओटीटी को लेकर विस्तार से बात की।**

**जब आपको ये सीरीज ऑफर हुई, जो एक बड़े राजनीतिक मर्डर केस पर है, क्या डर या हिचक थी?**

बिलकुल थी। मैंने साफ कहा था कि कुछ भी राजनीतिक नहीं करना है। लेकिन फिर समझ आया कि ये एक थ्रिलर है, एक पुलिस इन्वेस्टिगेशन ड्रामा। इसमें कोई बयानबाजी नहीं है, कोई एजेंडा नहीं है। सिर्फ दो पक्ष हैं एसआईटी और एलटीटीई। कहानी इन दोनों की नजर से ही कही गई है।

**इतनी संवेदनशील, सच्ची घटना पर काम करते वक्त सबसे बड़ी चुनौती क्या थी?**

सबसे बड़ी चुनौती थी, सच्चाई के साथ न्याय करते हुए कहानी को ड्रामैटिक भी बनाना। रिपोर्टिंग में जो लिखा होता है, वो थर्ड पर्सन में होता है। पर स्क्रीन पर हमें असली लोगों के मुंह से वो बातें कहलवानी होती हैं, जो उन्होंने शायद कभी नहीं कही हों, पर कह सकते थे। इसके लिए रिसर्च, सहानुभूति और जिम्मेदारी चाहिए।

**आपकी फिल्मों में गहराई होती है, लेकिन वो ग्लैमर या मसाला नहीं होता। ऐसा क्यों?**

क्योंकि मसाला मेरी समझ में नहीं आता। बड़े सेट, आइटम सॉन्ग, एक्शन सीक्वेंस, मेरे लिए ये सब बाहर से थोपा गया लगता है। मैं किरदारों की दुनिया में जीता हूं। मुझे मजा आता है एक्टर के चेहरे पर काम करने में। क्लोज-अप्स में उनकी आंखों में जो कुछ भी छिपा होता है, उसे पकड़ना मेरा क्राफ्ट है। मैंने खुद एक्टिंग सीखी है, इसलिए जानता हूं कि एक्टर किन चीजों से असहज हो सकता है या किन हालातों में वो अपना बेस्ट देगा।

**क्या ओटीटी इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स के लिए नई उम्मीद है?**

बिलकुल। ओटीटी ने हमें वो आजादी दी है, जो कभी थिएटर या डिस्ट्रीब्यूशन से नहीं मिली। यहां आपका कंटेंट ही आपकी ताकत है। यहां किसी की शक्ल या स्टारडम पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। सबसे बड़ी बात ये है कि एक बार फिल्म या सीरीज पूरी हो गई, तो आप अगली चीज पर ध्यान दे सकते हैं। यहां रिलीज या प्रमोशन की राजनीति नहीं है।

**क्या आज सिनेमा सिर्फ ट्रेंड के हिसाब से बन रहा है?**

बिलकुल। जो चल रहा है, सब वहीं दौड़ रहे हैं। आज नेशनलिस्टिक फिल्में हिट हैं तो हर कोई वही बना रहा है। क्रिएटिविटी और कमाई के बीच बैलेंस खत्म हो गया है। एक सिंपल कॉमेडी भी 100 करोड़ रूपए में बनती है, जो 20 करोड़ रूपए में बन सकती थी, क्योंकि स्टार चाहिए, चेहरा चाहिए।

**क्या अब दमदार लेकिन छोटी फिल्में बनाना नामुमकिन होता जा रहा है?**

कठिन है और ये कोई नई बात नहीं है। हम जैसे इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स पिछले 15 साल से यही कहते आ रहे हैं कि एक दिन ऐसा आएगा जब सिर्फ बड़ी, दिखावटी फिल्में ही बचेंगी। छोटी फिल्में आज भी बनती हैं, लेकिन उन तक ऑडियंस पहुंच ही नहीं पाती। मेरी दो फिल्में बनकर रह गईं, रिलीज नहीं हो पाईं। इसलिए जब तक ओटीटी है, वहीं से कहानियां कहता रहूंगा। कम से कम कहानी तो जिंदा रहेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in